रोहतक

गुरुवार 11 जून 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 30, अंक : 127

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा

अधि. 44.5°C

न्यून. 21.0°C

haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

शुभेंदु ने पीएम को झालमुड़ी परोसी

नई दिल्ली। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम को अपने हाथ से झालमुड़ी परोस कर दी। अप्रैल 2026 में बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान पीएम ने झाड़ग्राम में झालमुड़ी खाई थी। दुकान वाले से उनकी बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। एनडीए बैठक से पहले पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई थी। कैबिनेट ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पीएम मोदी को बधाई दी। मंत्रियों ने उनकी उपलब्धि पर खड़े होकर तालियां बजाकर सम्मानित किया।

खबर संक्षेप

हार्दिक अफगानिस्तान वनडे सीरीज से बाहर

नई दिल्ली। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मंगलवार को फिटनेस टेस्ट पास करने के कुछ ही घंटों बाद हार्दिक को जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। सीरीज 13 जून से शुरू हो रही है। 32 वर्षीय हार्दिक आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए पीठ की जकड़न का शिकार हो गए थे। *(विस्तृत खेल पेज पर)*

67.92 करोड़ के फ्रॉड में डिप्टी मैनेजर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने सहकारी बैंक के डिप्टी मैनेजर को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पवित्र कुमार बिस्वाल को तौर पर हुई है। उस पर एक म्यूल अकाउंट से 67.92 करोड़ का लेन-देन का आरोप है। यह मामला देश भर में दर्ज साइबर धोखाधड़ी की 159 शिकायतों से जुड़ा था। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच के दौरान न्यू कोंडली शाखा में मौजूद एक बैंक खाता बार-बार साइबर फ्रॉड मामलों में सामने आ रहा था। इसके बाद जांच शुरू की गई और मामला दर्ज किया गया।

मणिपुर के कांगपोकपी में 6 शव मिले

कांगपोकपी। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को छह शव बरामद हुए। जांच के बाद आशंका जताई जा रही है कि ये शव उन छह लोगों के हो सकते हैं जिन्हें 13 मई को बंधक बना लिया गया था। फिलहाल शवों का पोस्टमॉर्टम और पहचान नहीं हो पाई है। शवों के मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लापता लोगों के परिजन और कई नगा नागरिक संगठनों के प्रतिनिधि और समर्थक अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है। *एजेंसी*

कॉकरोच जनता पार्टी का पुणे में प्रदर्शन आज

पुणे। नई दिल्ली में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा है कि अगर मंत्री पद नहीं छोड़ते हैं, तो 20 जून से जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना शुरू किया जाएगा। पार्टी का कहना है कि यह धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक जवाबदेही तय नहीं होती। सीजेपी ने बुधवार को जारी बयान में देश के अलग शहरों में विरोध प्रदर्शन करने का भी ऐलान किया। शुरुआत 11 जून को पुणे से होगी। *एजेंसी*

श्रीराम मंदिर चढ़ावे में गबन का आरोप, मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान राशि में कथित हेराफेरी और चोरी के आरोपों का मामला अब प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह की शिकायत के बाद राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और पीएम के पूर्व प्रमुख सचिव नृपेंद्र मिश्र अचानक अयोध्या पहुंचे। उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक की। *एजेंसी*

मोदी ने 4399 दिन निर्वाचित पीएम रहकर तोड़ा नेहरू का रिकॉर्ड

कांग्रेस ने नाकामी का कलंक हिंदुओं पर लगाया, हमारे लिए नेशन फर्स्ट : मोदी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर भारत मंडपम में आयोजित एनडीए बैठक में उनका सम्मान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 12 साल में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ। इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट था। इसमें न गवर्नेंस थी, न नीति, न नीयत और न ही निर्णय। नाकामी कांग्रेस की थी लेकिन कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया। पीएम ने कहा, "हमारे लिए दल से बड़ा हमेशा देश रहा है। हम नेशन फर्स्ट की भावना से काम करते हैं। भारत को सिर्फ दुनिया की बराबरी नहीं करनी, बल्कि उससे एक कदम आगे रहना है। वो दिन दूर नहीं जब हम मेड इन इंडिया प्लेन भी बनाएंगे। *(पेज 7 भी देखें)*

मोदी के नाम 9013 दिनों तक लगातार सत्ता प्रमुख रहने का भी रिकॉर्ड, गुजरात के सीएम भी रहे

26 मई 2014 को पहली बार पीएम पद की शपथ ली

4399 दिन — नरेंद्र मोदी

4398 दिन — जवाहर लाल (1733) दिन नॉन इलेक्टिड

4078 दिन — इंदिरा गांधी

3656 दिन — मनमोहन सिंह

जवाहरलाल नेहरू कुल 17 साल तक प्रधानमंत्री रहे

दरअसल, 15 अगस्त 1947 को देश के आजाद होने के बाद जवाहर लाल नेहरू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। वे 15 अगस्त 1947 से 13 मई 1952 तक कुल 1732 दिन पीएम रहे। इसके बाद 1952 में देश में पहला आम चुनाव हुआ। कांग्रेस सत्ता में आई। संसदीय दल ने नेहरू को अपना नेता चुना। इसके बाद नेहरू 13 मई 1952 से 27 मई 1964 तक लगातार निर्वाचित पीएम रहे। इस कार्यकाल 4398 वें दिन का रहा था। इस तरह निर्वाचित पीएम के तौर पर मोदी नेहरू से आगे निकल गए हैं।

अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज-2(ए) को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज -2(ए) को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस 6.032 किलोमीटर का विस्तारित मेट्रो मार्ग शहर के मुख्य रिहायशी और वाणिज्यिक इलाकों के बीच संपर्क को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा। अधिकारियों ने बताया कि यह फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, यह परियोजना मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो गलियारे के साथ जुड़ेगा। *(संबंधित खबर पेज 7 पर)*

अमेरिका-ईरान में फिर जंग

यूएस ने ईरान के रणनीतिक ठिकानों पर किया हमला

जवाब में तेहरान ने भी सैन्य अड्डों पर दागीं मिसाइलें

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका और ईरान के बीच फिर जंग शुरू हो गई है। होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी अपाचे हेलीकॉप्टर गिरने के बाद अमेरिका ने ईरान पर जवाबी हमले किए। ट्रंप ने आरोप लगाया कि हेलीकॉप्टर ईरान ने गिराया था, जबकि तेहरान ने हर हमले का जवाब देने की चेतावनी दी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ईरान के हारने का दावा किया। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना पूरी तरह से बिखर चुकी है। नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करता है, लेकिन कोई एक्शन नहीं लेता। वह खुद को मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा दबंग समझता था, लेकिन अब खत्म हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने समझौते पर बातचीत करने में बहुत ज्यादा देर कर दी। अब उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे पहले ईरान ने बुधवार को बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए।

मिसाइल हमले में ऑयल टैंकर में आग, 2 भारतीयों की मौत

होर्मुज स्ट्रेट के पास मिसाइल हमले से एक ऑयल टैंकर के इंजन रूम में आग लग गई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस के मुताबिक, जहाज में 28 लोग सवार थे, जिनमें 24 भारतीय हैं। इनमें से 2 भारतीयों की मौत हो गई और एक लापता है, 21 को बचा लिया गया है। टैंकर पर पलाऊ देश का झंडा लगा हुआ था। हमले के समय ये ओमान के सोहार बंदरगाह से करीब 37 किलोमीटर दूर था। हमला किसने किया, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

तेहरान के बंदर अब्बास मिनाब पर हमला

अमेरिका ने ईरान के पांच रणनीतिक ठिकानों पर हमला किया है। इनमें बंदर अब्बास, मिनाब, सिरिक, जास्क और केशम द्वीप शामिल हैं। ये सभी इलाके होर्मुज स्ट्रेट के आसपास स्थित हैं, जिसे दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में माना जाता है। होर्मुज स्ट्रेट से दुनिया के बड़े हिस्से का कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस समुद्र के रास्ते दूसरे देशों तक पहुंचती है।

कतर का प्रतिनिधिमंडल वार्ता को पहुंचा तेहरान

कतर का एक प्रतिनिधिमंडल ईरान की राजधानी तेहरान पहुंचा है। ईरानी मीडिया के मुताबिक इस दौरे में दोनों देशों के रिश्ते और मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात पर बातचीत होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैठक में युद्ध खत्म करने और तनाव कम करने के बीच बातचीत के रास्ते तलाशे जाएंगे। दोनों देश क्षेत्र में शांति बनाए रखने के मुद्दे पर भी चर्चा करेंगे।

भारत ने अमेरिकी राजदूत को तलब किया

ओमान के तट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इसे लेकर ओमान की राजधानी मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उसे ओमान तट के पास जहाज से जुड़ी घटना की जानकारी मिल गई है। दूतावास पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। मामले को गंभीर मानते हुए भारत ने नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजदूत (चार्ज द अफेयर्स) जेसन मीक्स को तलब किया है।

नामांकन पर चुनाव आयोग का फैसला बाकी, राष्ट्रपति से मिलेंगे कांग्रेस विधायक

राज्यसभा प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट में नटराजन का नाम नहीं

एजेंसी ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज हो गया है। भोपाल में राज्यसभा के रिटर्निंग ऑफिसर ने मध्य प्रदेश के राज्यसभा उम्मीदवारों की स्क्रूटनी के बाद फाइनल लिस्ट जारी कर दी है। इनमें बीजेपी कैंडिडेट्स तरुण चुग, महेश केवट और रजनीश अग्रवाल के नाम शामिल हैं। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन फॉर्म 9 जून को रिटर्निंग ऑफिसर ने निरस्त कर दिया था। इसके बाद बुधवार को कांग्रेस के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को दिल्ली में निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा,

रिटर्निंग ऑफिसर का फैसला गलत और कानून के मुताबिक नहीं

आज बैठक लेंगे कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने का रिटर्निंग ऑफिसर का फैसला गलत है और कानून के मुताबिक नहीं है। जिस आधार पर नामांकन रद्द किया गया, उसका कानून में कोई प्रावधान नहीं है। नटराजन के खिलाफ ऐसा कोई आपराधिक मामला नहीं था, जिसका उन्हें खुलासा करना पड़ता। कोर्ट ने सिर्फ एक नोटिस भेजा था। इसमें नटराजन से पूछा गया था कि मामले में आगे सुनवाई शुरू की जाए या नहीं।

चुनाव आयोग की तरफ से नहीं आया जवाब

प्रतिनिधिमंडल में केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, रणदीप सुरजेवाला, सचिन पायलट, भूपेश बघेल, विवेक तन्खा शामिल थे। कांग्रेस नेताओं को 2 घंटे में फैसले का आश्वासन दिया था, लेकिन दोपहर से शाम हो गया। आयोग ने कोई फैसला नहीं लिया। सूत्रों का कहना है- इलेक्शन कमीशन ने कांग्रेस की शिकायत खारिज कर दी है। हालांकि, इस पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा- दिल्ली में मौजूद नेताओं से बातचीत हुई है। अभी तक चुनाव आयोग की तरफ से उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। इधर, भोपाल में कांग्रेस के कार्यकर्ता बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) दफ्तर पहुंचे। गेट बंद मिलने पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यूनिफॉर्म दफ्तर के बाहर गेट पर टांग दी।

पूरी तरह बिखरी टीएमसी, अब राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने भी दिया इस्तीफा

19 बागियों में शत्रुघ्न सिन्हा यूसुफ पठान का नाम भी

ममता की करीबी सयोनी भी शामिल

कोलकाता (एजेंसी)। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में लगातार टूट जारी है। काकोली घोष के नेतृत्व वाले टीएमसी बागी गुट ने 19 लोकसभा सांसदों के नाम की लिस्ट जारी कर दी। इसमें ममता की करीबी मानी जाने वाली जादवपुर से सांसद सयोनी घोष, यूसुफ पठान और शत्रुघ्न सिन्हा का भी नाम शामिल है। 8 जून को काकोली घोष ने दावा किया था कि उन्होंने 20 लोकसाभा सांसदों के समर्थन वाला पत्र स्पीकर ओम बिरला को भेजा है। बुधवार को राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने भी पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले 3 दिनों में तृणमूल कांग्रेस

अब तक 58 विधायक, 2 राज्यसभा सांसद अलग हुए

(टीएमसी) के दो राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ चुके हैं। इससे पहले 8 जून को सुखेंदु शेखर ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था, पार्टी भी छोड़ दी थी। इसके बाद टीएमसी के लोकसभा में 28 में से 20 सांसद और राज्यसभा में 13 में से 2 सांसद यानी कुल 22 सांसद टूट चुके हैं। 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं।

रेणु भाटिया ने मांगी माफी, एफआईआर करवाने नर्सिंग एसोसिएशन पहुंची थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

बेटी वाले बयान का बवाल जारी

गिरफ्तार करो के नारे लगाए

हरियाणा महिला आयोग चेयरपर्सन पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटे बाद रेणु भाटिया ने वीडियो जारी कर गलतियों पर माफी मांगी। अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर जारी वीडियो में आयोग के दफ्तर में अपनी कुर्सी पर बैठी दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि कुछ गलतियां हो गईं हो तो माफी मांगती हूं। हालांकि उन्होंने नर्सिंग ऑफिसर की बेटी वाले बयान पर एक शब्द नहीं बोला। 'आपकी बेटी को किसी के साथ कमरे में छोड़ दूं' वाले बयान पर विवाद बढ़ने के बाद मंगलवार देर रात रेणु भाटिया ने इस्तीफा दे दिया था। हरियाणा नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष विनीता बांगड़ ने कहा कि रेणु ने नर्सिंग ऑफिसर्स से माफी नहीं मांगी है। इसी के साथ नर्सिंग स्टाफ शिकायत देने आदर्श थाना कुरुक्षेत्र पहुंच गया और भाटिया को गिरफ्तार करने के नारे भी लगाए।

पीओके में पाक का हेलीकॉप्टर क्रैश, 21 सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बुधवार को पाकिस्तान सेना का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ। हेलिकॉप्टर में सवार सभी 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि हेलीकॉप्टर में कुल कितने लोग सवार थे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ये सुरक्षाकर्मी पीओके के नीलम घाटी सेक्टर जा रहे थे। वहां पर विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को लेकर विवाद चल रहा है।

दावा- प्रदर्शन रोकने के लिए जा रहे थे सैनिक

दिल्ली आग : होटल का लाइसेंस मालिक नहीं, कर्मचारी के नाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे होटल में आग लगने के मामले में जांच के दौरान नए खुलासे हुए हैं। ये बातें होटल मालिक लवकेश बजाज और अकाउंटेंट जय मिश्रा से पूछताछ के दौरान सामने आईं। दोनों को होटल में आग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। 3 जून को हुए हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी। जय मिश्रा ने बताया कि होटल का लाइसेंस बनवाने के लिए बजाज ने उसके दस्तावेज इस्तेमाल किए थे। यही नहीं जिस दिन आग लगी वह घटना वाली जगह आया, थोड़ी देर रुका। फिर मेट्रो से पूरे शहर में इधर-उधर घूमता रहा।

अकाउंटेंट बोला- जल गए सारे दस्तावेज

आरएसएस मुख्यालय, सीएम दफ्तर को उड़ाने की धमकी

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में बुधवार को आरएसएस मुख्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय और मुंबई-पुणे के मेयर कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले। ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी बताने वाले ग्रुप की ओर से भेजे गए थे। इसके बाद कई इमारतें खाली कराई गईं और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया। लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। नागपुर की मेयर नीता ठाकरे को एक ईमेल मिला। इसमें दावा किया गया था कि महाल स्थित आरएसएस मुख्यालय और रेशीमबाग के डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन में विस्फोटक लगाया है।

खालिस्तान नाम से भेजे गए ईमेल एजेंसियां सतर्क

रिलायंस और मेटा का इस दिशा में बड़ा कदम

गुजरात में बनेगा एआई डेटा सेंटर अगले दो वर्षों में बनकर तैयार होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) और फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने एक बड़ी साझेदारी का ऐलान किया है। दोनों कंपनियां मिलकर गुजरात के जामनगर में एक अत्याधुनिक एआई तकनीक से लैस डेटा सेंटर बनाने जा रही हैं। यह प्रोजेक्ट तकनीक के क्षेत्र में भारत के लिए एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। यह डेटा सेंटर 168 मेगावाट की क्षमता वाला होगा और इसके अगले दो वर्षों में बनकर तैयार होने की उम्मीद है। यह भारत में मेटा का पहला बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर होगा। इसे पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से चलाया जाएगा। इसके अलावा, मशीनों की गर्मी कम करने के लिए समुद्र के खारे पानी को साफ करके इस्तेमाल किया जाएगा।

जुकरबर्ग व अंबानी बोले- यह पहल नई क्रांति की शुरुआत

मेटा के फाउंडर और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि यह पहलभारत की अर्थव्यवस्था में हमारे लंबे निवेश को और मजबूत करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत अब ग्लोबल एआई क्रांति में सबसे आगे रहने के लिए तैयार है।

सभी सरकारी दस्तावेजों का केंद्रीकृत डिजिटल स्टोरेज होगा

पुराने और अनावश्यक कानूनों की समीक्षा कर उन्हें हटाएंगे

प्रदेश में सुशासन की नई पहल, कानून और नियमों का बनेगा डिजिटल भंडार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में सुशासन और नियामकीय सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य सरकार ने सभी अधिनियमों, नियमों, विनियमों, सरकारी आदेशों, परिपत्रों, अधिसूचनाओं, नीतियों तथा अन्य आधिकारिक दस्तावेजों की 'केंद्रीकृत डिजिटल आनलाइन रिपाजिटरी' तैयार करने का निर्णय लिया है। साथ ही विभिन्न विभागों में लागू पुराने, अप्रासंगिक और अनावश्यक कानूनों एवं नियमों को खत्म करने के लिए समीक्षा प्रक्रिया भी चल रही है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश जारी किए हैं। दस्तावेजों को क्षेत्रवार, विषयवार तथा अंतिम अद्यतन तिथि के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा, जिससे उपयोगकर्ता प्रमाणिक और नवीनतम जानकारी आसानी से हासिल कर सकेंगे। इस कार्य को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीन आने वाले अधिनियमों, नियमों, विनियमों, सरकारी आदेशों, परिपत्रों, अधिसूचनाओं एवं नीतिगत दस्तावेजों की संपादन योग्य (एमएस वर्ड) साफ्ट कापी तैयार कर 25 जून तक उपलब्ध कराएं, ताकि पोर्टल शुरू होते ही इन दस्तावेजों को अपलोड किया जा सके।

लाइसेंसों को आजीवन वैधता प्रदान करने पर बल

इन सिद्धांतों के तहत केवल उच्च जोखिम वाली गतिविधियों के लिए ही लाइसेंस या पूर्व स्वीकृति की व्यवस्था रखने, अन्य मामलों में स्व-पंजीकरण प्रणाली अपनाने, लाइसेंसों को आजीवन वैधता प्रदान करने, प्रक्रियाओं के बजाय परिणाम-आधारित नियमन को बढ़ावा देने, मान्यता प्राप्त स्वतंत्र थर्ड पार्टी निरीक्षण व्यवस्था को प्रोत्साहित करने तथा जोखिम-आधारित निरीक्षण प्रणाली लागू करने पर विशेष बल दिया गया है।

जटिलताओं में आएगी कमी

इस पहल से प्रक्रियागत जटिलताओं में कमी आएगी, नियामकीय स्पष्टता बढ़ेगी और शासन व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनेगी। सभी विभागों को समीक्षा प्रक्रिया पूर्ण कर तीन जुलाई तक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इन रिपोर्टों में संशोधन, निरसन अथवा सरलीकरण के लिए चिन्हित कानूनों एवं नियमों का विवरण तथा राज्य सरकार के सुधार उद्देश्यों के अनुरूप उठाए गए कदमों की जानकारी शामिल होगी।

छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते
12 साल
विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
स्वास्थ्य को सुरक्षा कवच
2.46 करोड़+ हितग्राहियों
को मिली स्वास्थ्य सुरक्षा
Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission
पेयजल हर आंगन
41 लाख+ परिवारों को
मिला नल कनेक्शन
प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
धुआं छंटा, मुस्कान खिली
38 लाख+ महिलाओं को
मिला गैस कनेक्शन
नक्सलमुक्त भारत,
नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़
बस्तर से सशस्त्र
माओवाद का अंत
प्रधान मंत्री
आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin
छप्पर की जगह पक्की छत
26 लाख+ परिवारों के
पक्के आवासों की स्वीकृति
महतारी वंदन
शक्ति का सम्मान
68 लाख+ महिलाओं
को महतारी वंदन
योजना के तहत
सालाना
₹12 हजार की आर्थिक
सहायता
सम्मान की सौगात
24 लाख+ किसानों को
सालाना ₹6,000 की
आर्थिक सहायता
प्रधानमंत्री जन-धन योजना
वित्तीय समावेशन
1.87 करोड़+ हितग्राहियों
के जन धन खाते खुले
मोदी की गारंटी से
आगे बढ़ता छत्तीसगढ़
श्री विष्णु देव साय, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

प्रदेश में मितव्ययिता अभियान शुरू, कर्मचारियों की विदेशी यात्राओं पर रोक

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने ईंधन और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने तथा वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने के लिए व्यापक मितव्ययिता एवं संसाधन संरक्षण उपाय लागू किए हैं। मुख्य सचिव डॉ. अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और सितंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। निर्देशों के अनुसार सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की सभी प्रकार की विदेशी यात्राओं पर

गैर-इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर पाबंदी : रस्तोगी

रोक लगा दी गई है। केवल चि कि त सा कारणों से विशेष अनुमति दी जाएगी। साथ ही विभागों को कम से कम 50 प्रतिशत बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने विभागों के पेट्रोल, ऑयल एवं लुब्रिकेंट (पीओएल) खर्च में 20 प्रतिशत कटौती का लक्ष्य तय किया है।

प्रत्येक विभाग को वाहन उपयोग में कम से कम 10 प्रतिशत कमी सुनिश्चित करनी होगी। वीआईपी काफिलों में वाहनों की संख्या भी सुरक्षा जरूरतों के अनुसार 50 प्रतिशत तक घटाई जाएगी। सितंबर 2026 तक सभी विभागों, बोर्डों और निगमों द्वारा गैर-इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर प्रतिबंध रहेगा। राज्य सरकार इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल ट्रैक के विस्तार को प्राथमिकता देगी। ऊर्जा बचत के लिए सरकारी कार्यालयों में एयर कंडीशनर का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखना अनिवार्य किया गया है।

खबर संक्षेप

'लॉस्ट एंड फाउंड इन कश्मीर' का विमोचन

चंडीगढ़। सेक्टर-18 स्थित मिनी टैगोर थिएटर में 19 वर्षीय युवा लेखिका, अभिनेत्री और फिल्म निर्देशक निकाशा लूथरा के नए उपन्यास 'लॉस्ट एंड फाउंड इन कश्मीर' का भव्य विमोचन किया गया। पुस्तक का लोकार्पण हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. सुमिता मिश्रा, लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों (सेवानिवृत्त) और चंडीगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह (सेवानिवृत्त आईपीएस) ने किया। द नरेटर्स परफॉर्मिंग आर्ट्स सोसाइटी (इंडिया) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपन्यास के चुनिंदा अंशों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

पंचायतों को मजबूत कर रही सरकार : पंवार

चंडीगढ़। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने राज्य स्तरीय सशक्त पंचायत समारोह के सफल आयोजन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश की पंचायतों को अभूतपूर्व अधिकार, संसाधन और सम्मान मिला है। पंचायतों को विकास प्रक्रिया का वास्तविक भागीदार बनाकर हरियाणा सरकार गांवों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, आधुनिक और समृद्ध बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। गांवों का तेजी से विकास हो रहा है।

हरियाणा की जनता की ओर से प्रधानमंत्री को अभिनंदन पत्र, 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं

12 वर्षों में राष्ट्र सेवा और सुशासन का नया अध्याय लिखा : नायब सैनी

■ प्रधानमंत्री 17 बार कर चुके हैं हरियाणा का दौरा, हर बार दी विकास की नई सौगात : सैनी

हरिभूमि न्यूज। चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हरियाणा की पौने तीन करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित अपने अभिनंदन पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर उनके वंदन और अभिनंदन का है। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्ष राष्ट्र की सामूहिक चेतना के पुनर्जागरण, जनसेवा और विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भरता, सुशासन और विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 में विकसित, सशक्त और गौरवशाली भारत के जिस संकल्प के साथ देशवासियों ने उन्हें नेतृत्व सौंपा था, आज वह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री ने 15 सितंबर 2013 को रेवाड़ी में पूर्व सैनिकों की रैली से अपने लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की थी। हरियाणा के लोगों का स्नेह और उस रैली का उत्साह आज भी स्मरणीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला और युवा विकास की मुख्यधारा के केंद्र में आए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल तकनीक आधारित योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है।

चंडीगढ़। संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

प्रदेश को 22 राष्ट्रीय राजमार्ग मिले: मुख्यमंत्री

सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री का हरियाणा से विशेष लगाव रहा है। वह अब तक 17 बार प्रदेश का दौरा कर चुके हैं और प्रत्येक अवसर पर हरियाणा को विकास की नई सौगातें दी हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश को 1,390 किलोमीटर लंबे 22 राष्ट्रीय राजमार्ग मिले, जिससे सभी जिले राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जुड़ गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को 9,888 करोड़ रुपये, किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 7,562 करोड़ रुपये तथा आयुष्मान भारत-चिरायु योजना के तहत 27 लाख से अधिक लोगों को 4,148 करोड़ रुपये की लागत से मुफ्त उपचार का लाभ मिला है। इसके अलावा उज्ज्वला योजना के तहत 15 लाख महिलाओं को गैस कनेक्शन और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.56 लाख परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकास और विरासत को साथ लेकर चलने का मार्ग दिखाया है। हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव, अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव और विभिन्न तीर्थ स्थलों के विकास से सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के अनुशासन, सादगी, अथक परिश्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण को करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर ऊर्जा की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकसित और विश्व अग्रणी राष्ट्र बनने की दिशा में और तेजी से आगे बढ़ेगा। देश विश्व में अपनी अलग पहचान बनाएगा।

मोदी के नेतृत्व में बदली देश की दिशा और दशा : डॉ. गुप्ता

चंडीगढ़। भाजपा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 12 वर्ष 15 दिन तक देश का नेतृत्व

कर स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने का नया अध्याय रचा है। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और जनभागीदारी की उस यात्रा का प्रतीक है जिसने देश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है। अर्चना गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई यात्रा ने देश को आत्मनिर्भरता, पारदर्शिता और जनकल्याण के नए रास्ते पर आगे बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर वर्ग का विकास हुआ : अनिल विज

चंडीगढ़। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 12 वर्ष तक देश का नेतृत्व कर नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि यदि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और प्रधानमंत्री मोदी के 12-12 वर्षों के कार्यकाल की तुलना की जाए तो नेहरू का कार्यकाल अंधेरी रात और मोदी का कार्यकाल चमकता हुआ सूरज साबित हुआ है। अंबाला छावनी के सनातन धर्म मंदिर में आयोजित हवन-यज्ञ के बाद पत्रकारों से बातचीत में विज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ देश को नई बुलंदियों तक पहुंचाया है। उनके नेतृत्व में हर वर्ग और हर क्षेत्र में विकास हुआ है।

पोर्टल पर दर्ज फसल व रकबे के आधार पर मिलेगी खाद

चंडीगढ़। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी खरीफ सीजन में किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सीजन शुरू होने से पहले खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाए और वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।चंडीगढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक में कृषि विभाग, हैफेड और खाद उत्पादक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में खाद की उपलब्धता, मांग और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई। कृषि मंत्री ने निर्देश दिए कि पिछले वर्ष

■ खरीफ सीजन में खाद की कमी नहीं होने देंगे : श्याम सिंह राणा

की तरह इस बार भी खाद का वितरण 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल के आधार पर किया जाए। किसानों द्वारा पोर्टल पर दर्ज फसल और रकबे के अनुसार ही खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि वास्तविक किसानों को समय पर लाभ मिल सके।

गिरते लिंगानुपात पर सख्ती पांच जिलों के सीएमओ तलब

■ स्वास्थ्य मंत्री आरती राव बोलीं, जवाबदेही तय की जाएगी

चंडीगढ़। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने राज्य में गिरते लिंगानुपात पर गहरी चिंता जताते हुए कन्या भ्रूण हत्या और अवैध लिंग जांच में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्भ में बेटियों की हत्या एक जघन्य और अक्षम्य अपराध है तथा दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

चंडीगढ़ में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में मंत्री ने उन जिलों के अधिकारियों की जवाबदेही तय की, जहां लिंगानुपात की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इस दौरान गुरुग्राम, महेंद्रगढ़ और चरखी दादरी समेत पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को तलब कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आरती सिंह राव ने अधिकारियों को अवैध लिंग जांच और गर्भपात के गोरखधंधे में शामिल केंद्रों व गिरोहों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से सीमावर्ती जिलों में सक्रिय उन नेटवर्क पर नजर रखने को कहा, जो लोगों को दूसरे राज्यों में ले जाकर लिंग जांच करवाते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस अभियान में पुलिस का पूरा सहयोग लिया जाएगा और जिला स्तर पर स्वास्थ्य व पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।

राजेश ठकराल को हरियाणा ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त

■ अशोक एडवोकेट पशुधन विकास बोर्ड और रामकिशन शर्मा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन का चेयरमैन बने

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने विभिन्न बोर्डों और निगमों में महत्वपूर्ण नियुक्तियां करते हुए कई पदों पर नए चेयरमैन और वाइस चेयरमैन नियुक्त किए हैं। इन नियुक्तियों का उद्देश्य संबंधित संस्थाओं के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना तथा विभिन्न वर्गों के हितों को मजबूती प्रदान करना है। राजेश ठकराल को हरियाणा ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सतीश गुप्ता और राकेश बिंदल को बोर्ड का वाइस चेयरमैन बनाया गया है। व्यापारियों के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए गठित यह बोर्ड राज्य के व्यापारी वर्ग और सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करता है। इसी क्रम में अशोक एडवोकेट को हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह बोर्ड पशुपालन क्षेत्र के विकास, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा पशुपालकों के हितों से जुड़े मुद्दों पर कार्य करता है। वहीं एडवोकेट रामकिशन शर्मा को हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह निगम किसानों की उपज के वैज्ञानिक भंडारण और कृषि क्षेत्र से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने में भूमिका निभाता है।

सरकार की उपलब्धियां बताने को 20 से चलेगा अभियान : गुप्ता

■ मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने ली समीक्षा बैठक

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री प्रधान सचिव अरुण गुप्ता ने सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर अधिकारी रूप रेखा तय करे। उन्होंने इस संबंध में प्रदेश के सभी उपायुक्तों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सचिवालय से बैठक ली है। बैठक में सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री ओएसडी बीबी भारती, कृषि विभाग महानिदेशक राजनारायण कौशिक, पीसीसीएफ केसी मीणा, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग अतिरिक्त निदेशक मनीष लौहान, संयुक्त निदेशक नीरज कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री प्रधान सचिव अरूण गुप्ता ने सभी उपायुक्तों से अब तक की गई तैयारियों के संबंध में रिपोर्ट लेते हुए विशेष निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि 20 जून तक चलाए जाने वाले विशेष प्रचार एवं जन-जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए ड्यूटियां सुनिश्चित कर ली जाएं।

समझौते की मांगें लागू करने में देरी पर नगर पालिका कर्मचारी नाराज

चंडीगढ़। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा और हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को शहरी स्थानीय निकाय विभाग और अग्निशमन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर लंबित मांगों के आदेश जारी करने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक मुकुल कुमार, अतिरिक्त निदेशक वाई.एस. गुप्ता, अग्निशमन विभाग के महानिदेशक तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव से मुलाकात कर कहा कि 13 मई को मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में कर्मचारियों की कई मांगें मान ली गई थीं।

सीपीए सम्मेलन में हरियाणा की मेजबानी की छाप, अतिथि सत्कार के मुरीद हुए प्रतिनिधि

■ सम्मेलन में चार महत्वपूर्ण संकल्प पारित

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा की मेजबानी में 8 और 9 जून को आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-2 सम्मेलन ने उत्कृष्ट आयोजन और आतिथ्य की नई मिसाल पेश की। सम्मेलन की सफलता पर विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश, राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा विभिन्न राज्यों से आए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन लोकतांत्रिक संवाद और संसदीय परंपराओं को मजबूत करने का प्रभावी मंच बना। 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य को लेकर हुए विचार-विमर्श में जनप्रतिनिधियों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। दो दिवसीय सम्मेलन में उत्तर क्षेत्र के पांच राज्यों सहित 13 विधान मंडलों के पीठासीन एवं उप-पीठासीन अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

एनसीआर से बाहर हो सकते हैं हरियाणा के छह जिले, 16 की बैठक में होगा बड़ा फैसला

■ एनसीआर क्षेत्र में 60 फीसदी कटौती का प्रस्ताव, हरियाणा सरकार ने गिनाए प्रतिबंधों से होने वाले नुकसान

जींद, महेंद्रगढ़ और करनाल का दर्जा समाप्त होने की संभावना भिवानी, दादरी व पानीपत आंशिक रूप से हो सकते हैं प्रभावित

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के छह जिलों का एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) से बाहर होना तय हो सकता है। इस संबंध में 16 जून को नई दिल्ली में होने वाली एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की बैठक में ड्राफ्ट रीजनल प्लान-2041 पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। बैठक में हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार हरियाणा सरकार ने एनसीआर की सीमा को दिल्ली के राजघाट से 100 किलोमीटर के दायरे तक सीमित करने का प्रस्ताव रखा है। यदि यह प्रस्ताव मंजूर होता है तो प्रदेश का एनसीआर क्षेत्र 25,327 वर्ग

■ एनजीटी के नियमों, वाहनों पर पाबंदियों और उद्योगों पर असर से लंबे समय से उठ रही थी दायरा घटाने की मांग

किलोमीटर से घटकर 10,546 वर्ग किलोमीटर रह जाएगा, यानी करीब 60 प्रतिशत की कमी आएगी। नए प्रस्ताव के तहत जींद, महेंद्रगढ़ और करनाल के एनसीआर से पूरी तरह बाहर होने की संभावना है। वहीं भिवानी, चरखी दादरी और पानीपत के कुछ हिस्से एनसीआर दायरे से बाहर हो सकते हैं। वर्तमान में हरियाणा के 14 जिले एनसीआर में शामिल हैं। हरियाणा सरकार का तर्क है कि एनसीआर में शामिल जिलों को प्रदूषण नियंत्रण संबंधी कड़े नियमों, एनजीटी के आदेशों, पुराने वाहनों पर प्रतिबंध और उद्योगों पर विभिन्न पाबंदियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे ईंट भट्ठों, परिवहन कारोबार और अन्य उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सरकार का मानना है कि दूरस्थ जिलों को एनसीआर में शामिल रखने से अपेक्षित लाभ नहीं मिला, जबकि प्रतिबंधों के कारण आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं।

हरित क्षेत्र के मुद्दे पर भी बैठक में चर्चा होगी

हालांकि सरकार ने एनएच-44, एनएच-48 और एनएच-9 सहित 11 राष्ट्रीय राजमार्गों के दोनों ओर एक किलोमीटर चौड़े कॉरिडोर को एनसीआर में बनाए रखने का सुझाव भी दिया है, ताकि प्रमुख शहरी क्षेत्रों को इसका लाभ मिलता रहे। बैठक में एनसीआर की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के साथ-साथ प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्रों और हरित क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है। फैसले का असर प्रदेश में निवेश, रियल एस्टेट, औद्योगिक गतिविधियों और भविष्य की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर पड़ सकता है।

पंजाब में यूरिया की कोई कमी नहीं, खरीफ सीजन के लिए पर्याप्त भंडार उपलब्ध : केंद्र

■ 14 .50 लाख मीट्रिक टन आवश्यकता के मुकाबले 10 .71 लाख मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता

■ वैश्विक चुनौतियों के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था मजबूत, किसानों को नहीं होगी परेशानी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के उर्वरक विभाग ने स्पष्ट किया है कि पंजाब में खरीफ-2026 सीजन के लिए यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। विभाग के अनुसार राज्य में धान रोपाई की जरूरतों को पूरा करने के लिए मजबूत आपूर्ति व्यवस्था और पर्याप्त भंडार मौजूद है। सरकार के अनुसार खरीफ सीजन के लिए पंजाब की कुल यूरिया आवश्यकता 14.50 लाख मीट्रिक टन आंकी गई है। 9 जून तक की आवश्यकता 9 लाख मीट्रिक टन थी, जबकि राज्य में 10.71 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया जा चुका है। इस अवधि में 6.25 लाख मीट्रिक टन यूरिया की खपत हुई है और इसके बाद भी 4.46 लाख मीट्रिक टन का भंडार उपलब्ध है। इसके अलावा करीब 39 हजार मीट्रिक टन यूरिया रास्ते में है। अमृतसर जिले में इस सीजन के दौरान 64,720 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है, जबकि वर्तमान में 32,956 मीट्रिक टन का सुरक्षित भंडार मौजूद है। उर्वरक विभाग ने बताया कि जनवरी से मार्च 2026 के दौरान जरूरत से अधिक यूरिया की अग्रिम आपूर्ति कर भंडारण सुनिश्चित किया गया था, जिससे खरीफ सीजन में किसी प्रकार की बाधा न आए। विभाग ने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद पर्याप्त खाद उपलब्ध है।

मनीष मित्तल ने हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल रजिस्ट्रार का कामकाज संभाला

चंडीगढ़। हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल नवनियुक्त रजिस्ट्रार मनीष मित्तल ने बुधवार को पंचकूला में पदभार ग्रहण कर लिया है। जब उनके नाम की घोषणा हुई तब वो हार्ट की बाईपास के कारणा गुरुग्राम मेदांता अस्पताल में भर्ती थे। पंचकूला में पदभार ग्रहण करने पहुंचे मित्तल का चेयरमेन बीबी सिंगल ने स्वागत किया। यहां पर सभी ने मिलकर रजिस्ट्रार को मिठाई खिलाई और स्वागत किया। बाद में पदभार ग्रहण किया। अभी तक रजिस्ट्रार की कुर्सी पर एसीएस एचीएएस अधिकारी अंकिता अधिकारी थीं और वे लंबी छुट्टी पर गई हैं। सरकार ने मित्तल को रजिस्ट्रार पद पर नियुक्त किया। मनीष मित्तल हरियाणा भाजपा के प्रदेश सह सचिव रह चुके हैं। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के करीबी हैं। फिलहाल हरियाणा ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष भी हैं। मूल रूप से महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल शहर निवासी हैं। मित्तल की नियुक्ति के लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने उनके नाम की सिफारिश मुख्यमंत्री से की है।

किसानों को परेशान कर रही सरकार: इनेलो

चंडीगढ़। इनेलो अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि सरकार ने डीजल के दाम बढ़ाने के बाद जैसी जरूरी खादों जैसे यूरिया के 200 , पोटाश के 175 और एनपीके के 550 से 700 रुपये दाम बढ़ा कर किसानों को चौतरफा घेर लिया है। यह कोई संयोग नहीं है बल्कि किसानों और भारतीय कृषि व्यवस्था को कमजोर करने, दिवालिया करने और अंततः खेती-किसानी को खत्म करने की सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। अभय चौटाला ने कहा कि किसान खेती के लिए यूरिया, एसएसपी, डीएपी, पोटाश और कॉम्प्लेक्स खादों पर निर्भर हैं। बीजेपी सरकार ने किसानों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाला है।

खबर संक्षेप

श्रमिक ने फार्म हाउस पर की खुदकुशी

कोसली। गुगोढ गांव के एक फार्म हाउस पर परिवार सहित रह रहे उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के आईया गांव निवासी श्रमिक ने मंगलवार रात फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पत्नी भाग्यवती ने पुलिस को दिए ब्यान में बताया कि मंगलवार को उसका पति कौशल कुमार काम से लौटकर अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर सो गया। बुधवार प्रातः 5 बजे उसके देवर रामसेवक ने उसके पति को आवाज लगाई तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई। रामसेवक ने खिड़की का दरवाजा तोड़कर देखा तो उसका पति पंखे से फंदा लगाकर लटका हुआ था। उन्होंने इसकी जानकारी फार्म मालिक सत्यनारायण व पुलिस को दी। पहुंची पुलिस के आने के बाद उसके देवर और मालिक ने दरवाजा तोड़कर उसके पति की लाश को नीचे उतारा।

विदेश भेजने के नाम पर 6 लाख की ठगी, दो पकड़े

कैथल। विदेश भेजने के नाम पर करीब 6.02 लाख रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने गांव शिल्लाखेड़ा निवासी गुरविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ताओं शरणदीप सिंह और निर्मल सिंह के अनुसार आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर उन्हें लक्जमबर्ग में नौकरी दिलाने और विदेश भेजने का झांसा दिया। उसने वीजा, ऑफर लेटर, टिकट, एम्बेसी खर्च, डॉलर और अन्य दस्तावेजी प्रक्रियाओं के नाम पर अलग-अलग किश्तों में रकम वसूल ली। बाद में न तो विदेश भेजा और न ही पैसे लौटाए। पैसे मांगने पर धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी का दो दिन का रिमांड हासिल किया है।

बदमाशों ने लाठियों से युवकों को किया घायल

कैथल। कैथल शहर की जनकपुरी कॉलोनी में गली में बैठकर बातचीत करते युवकों पर डंडे व लाठियों से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। गाड़ियों में सवार होकर आए करीब 10 आरोपियों ने बातचीत कर रहे युवकों पर हमला कर दिया और जमकर लाठियां मारी। गांव सजूमा के रमन ने शिकायत दर्ज कराई है।

बलदेव नगर थाना धमाके का मास्टरमाइंड था पाक आतंकी शहजाद भट्टी, एनआईए की जांच में खुलासा

भट्टी से सीधे संपर्क और उसके इशारे पर वारदात की योजना बनाने की बात कबूली

- 10 जनवरी को थाने के बाहर खड़ी कार में एलईडी के भीतर विस्फोटक और डिग्गी में गैस सिलेंडर रखे गए
- एनआईए ने प्रदेशभर में रेड कर भट्टी के मददगारों और फंडिंग नेटवर्क की जांच कर दी है तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रोहतक। इसी कार के जरिए रची गई थी धमाके की साजिश। फोटोः हरिभूमि

पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी ने ही छह महीने पहले बलदेव नगर थाने में हुए धमाके की साजिश रची थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में यह बात सामने आई है। बता दें कि 10 जनवरी 2026 को बलदेव नगर थाने के बाहर एक मारुति कार खड़ी कर धमाका किया गया था।एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि इस धमाके की साजिश आतंकी शहजाद भट्टी ने रची थी। हमले को अंजाम देने वाले आरोपियों में से एक सीधे तौर पर भट्टी के संपर्क में था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने यह बात स्वीकार भी की है। उसी के इशारे पर पूरी वारदात की योजना तैयार की गई थी। दो दिन पहले एनआईए की टीम ने प्रदेशभर में कई स्थानों पर छापेमारी भी की थी। 10 जनवरी 2026 को दोपहर के समय एक व्यक्ति बलदेव नगर थाने के बाहर मारुति कार खड़ी करके चला गया था। कार की पिछली सीट पर रखी एलईडी के भीतर विस्फोटक सामग्री छिपाई गई थी, जबकि डिग्गी में गैस से भरे तीन छोटे सिलेंडर रखे गए थे। बाद में विस्फोटक सामग्री में धमाका हुआ। हालांकि समय रहते पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया था।एनआईए की जांच में यह भी सामने आया है कि बलदेव नगर थाने को निशाना बनाने का समय और तरीका पहले से तय था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ तथा उनके मोबाइल फोन और सिग्नल ऐप की जांच के दौरान शहजाद भट्टी का नाम सामने आया। जांच एजेंसी के अनुसार, भट्टी ने पाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के कुछ युवाओं को झांसे में लेकर अपने नेटवर्क में शामिल किया था।धमाके के समय थाने के बाहर खड़ी कार में तीन आरोपी सवार थे। एनआईए की टीम ने मंगलवार को भट्टी के स्थानीय मददगारों और उसके फंडिंग नेटवर्क की जांच के लिए प्रदेशभर में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने की भी सूचना है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।बलदेव नगर थाने में हुए हमले के कुछ दिन बाद शहजाद भट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में खालिस्तानी समर्थकों की कुछ सोशल मीडिया पोस्ट भी दिखाई गई थीं, जिनमें धमाके की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया था। करीब 40 सेकेंड के इस वीडियो में बलदेव नगर थाने में हुए धमाके के दृश्य भी साझा किए गए थे। हालांकि बाद में पुलिस ने इस वीडियो को फर्जी करार दिया था।

फर्जी आईडी पर की थी बुकिंग

मामले की जांच कर चुकी पुलिस के अनुसार आरसी, टोल प्लाजा से जुड़ी जांच से आरोपियों के होटल में रुकने की जानकारी मिली। अंबाला कैंट के दो होटल में रुकने की बात सामने आने पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई थी। जो आईडी मिली थी वो फर्जी थी। ऐसे में कार चालक आरोपी पंजाब के पटियाला स्थित गुरबक्श कॉलोनी के कर्मजीत सिंह उर्फ टोनी की पहचान हुई थी। उसके बाद पंजाब के फिरोजपुर जिला स्थित गांव फत्तूवाला के आकाश और उसका भाई सौरभ उर्फ सोबी के शामिल होने की बात कबूली। उन्हें सिग्नल एप के माध्यम से धमाका करने का काम दिया गया था।

आरडीएक्स मामले से भी भट्टी तार जुड़े

बराड़ा-सढ़ौरा रोड पर से 13 मार्च को एसटीएफ की टीम ने तीन युवकों को 2 किलो आरडीएक्स के साथ काबू किया था। उस समय राजस्थान के अजमेर के अली अकबर उर्फ बाबू, मेरठ के अनस रईस, अंबाला के कंबासी गांव के जंगबीर को काबू किया था। उस मामले के तार भी पाकिस्तान में बैठे शहजाद भट्टी से जुड़ रहे थे। विस्फोटक सामग्री भी पाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के गांव में आई थी। आरडीएक्स अंबाला आया था। उस समय भी प्रदेश को दहलाने की नाकाम हुई थी।

काले रंग की गाड़ियों में पहुंचे हथियारबंद आरोपी दूसरे पक्ष से भिड़े

ठेके को लेकर कबाड़ियों में गैंगवार अंसल पायनियर सिटी में चली गोलियां

- कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई और शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए
- पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर फरार हो चुके थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम । बिलासपुर में फायरिंग और तोड़फोड़ में क्षतिग्रस्त गाड़ियां।

गुरुग्राम जिले के पथरेड़ी गांव स्थित अंसल पायनियर सिटी परियोजना में स्क्रैप के ठेके को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला गैंगवार और फायरिंग तक पहुंच गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काले रंग की कई गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे हथियारबंद लोगों ने साइट पर पहुंचकर दूसरे पक्ष का सामना किया, जिसके बाद दोनों गुटों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और देखते ही देखते गोलियां चलने लगीं। बताया जा रहा है कि विवाद स्क्रैप के कारोबार और ठेके को लेकर था। दोनों पक्ष इस काम को हासिल करने की कोशिश में थे। इसी को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक रूप ले बैठा। फायरिंग के दौरान मौके पर मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। फायरिंग के अलावा हमलावरों ने साइट पर खड़ी कई गाड़ियों को भी निशाना बनाया। वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की गई, जिससे कई गाड़ियों के शीशे टूट गए और उन्हें नुकसान पहुंचा। घटना के बाद पूरे इलाके में भय का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही बिलासपुर थाना पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक घटना में शामिल लोग वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। मौके से मिले सुरागों के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल घटनास्थल से तथ्य और साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

वारदात की सूचना मिलते ही बिलासपुर थाना पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस के आने से पहले ही घटना में शामिल लोग मौके से फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। स्थानीय पुलिस हमलावरों की पहचान करने के लिए आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। अभी मौके से तथ्य जुटाए जा रहे हैं। घटना में किसी भी व्यक्ति के जख्मी होने की कोई सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।
-सुनील, एसएचओ थाना बिलासपुर

उन्होंने कहा कि अभी तक किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है।

हमले के चार आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने करवाई पैदल परेड

- आरोपियों ने साथियों के साथ मिलकर युवक और दोस्तों पर लाठियों से हमला किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के करनाल रोड स्थित जनकपुरी कॉलोनी में युवक पर हमला कर चोटें पहुंचाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह और थाना सिविल लाइन के एसएचओ इंस्पेक्टर रमेश चंद्र के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन, हरदीप उर्फ पप्पल, सौरभ और मोहन के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता रमन निवासी गांव सजूमा ने बताया कि 8 जून की शाम वह अपने दोस्तों के साथ जनकपुरी कॉलोनी में बैठा था। इसी दौरान कुछ युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर आए और उन पर लाठियों से हमला कर दिया। शोर सुनकर लोग एकत्रित हुए तो आरोपी मौके से फरार हो गए।

हांसी : सीआईए हिरासत में युवक की मौत पर बवाल, परिजनों ने लगाया टॉर्चर का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी पुलिस की सीआईए टीम की हिरासत में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने के बाद मामला तूल पकड़ गया। युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया तथा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि युवक की मौत पुलिस प्रताड़ना के कारण हुई है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि सीआईए टीम युवक को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई थी। इस दौरान उसके साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की गई। परिवार का दावा है कि पुलिस के दबाव और यातना से परेशान होकर युवक ने कोई नशीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते उचित उपचार मिलता तो उसकी जान बच सकती थी।

करनालः दिनदहाड़े राइस मिल अकाउंटेंट से 1.04 लाख की लूट

बाइक सवार बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमलाकर नकदी से भरा बैग छीन लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल। लूट की वारदात के बाद जांच करती पुलिस टीम।

करनाल जिले में बदमाशों ने बुधवार को दिनदहाड़े एक राइस मिल के अकाउंटेंट से 1 लाख 4 हजार रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया। बाइक सवार दो युवकों ने पहले अकाउंटेंट को रोककर उसके साथ मारपीट की और फिर नकदी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार विशाल नामक युवक एक राइस मिल में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। वह दूसरी राइस मिल से भुगतान की राशि लेकर वापस लौट रहा था। जब वह नीलोखेड़ी से तरावड़ी की तरफ नए पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया। बदमाशों ने विशाल को घेरकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से वह संभल नहीं पाया। आरोपियों ने उसके पास मौजूद 1 लाख 4 हजार रुपये की नकदी से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। हमले में घायल विशाल को स्थानीय लोगों ने संभाला और घटना की सूचना पुलिस को दी। वारदात की जानकारी मिलते ही तरावड़ी थाना पुलिस और सीआईए टीम मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि गिरफ्तार किया जा सके।

विदेशी नंबर से नाबालिग से मांगी 15 लाख की चौथ, दहशत

पहली कॉल 7 जून और दूसरी कॉल 9 जून को आई, दूसरी बार कॉल न उठाने पर मैसेज भेजे गए, गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


साइबर टीम को जांच सौंपी, खंगाले जा रहे हैं सीसीटीवी फुटेज

सफीदों शहर के वार्ड 11 की गीता कालोनी में एक नाबालिग को विदेशी नंबर से काल कर 15 लाख रुपये की चौथ मांगी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच के लिए कई टीमों का गठन कर दिया। पुलिस ने आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है। साइबर क्राइम टीम विदेशी नंबर की लोकेशन और काल स्त्रोत का पता लगाने में जुटी हुई है। डीएसपी गौरव शर्मा, शहर थाना प्रभारी राजकुमार राणा, सीआईए टीम और साइबर क्राइम यूनिट के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से बातचीत कर हर पहलू को समझने का प्रयास किया और संभावित सुराग जुटाने की कोशिश की। पुलिस ने घर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। सफीदों के वार्ड 11 निवासी राकेश शर्मा ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात जून की शाम छह बजे उनके बेटे के मोबाइल फोन पर वहाट्सएप के जरिए एक अज्ञात विदेशी नंबर से काल आई। काल करने वाले ने सीधे तौर पर 15 लाख रुपये की मांग करते हुए धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो अंजाम बेहद गंभीर होगा। अचानक आई धमकी से परिवार घबरा गया। राकेश शर्मा ने बताया कि काल करने वाले ने उन्हें दो दिन का समय दिया था। इसके बाद नौ जून की सुबह 11 बजे फिर उसी नंबर से वहाट्सअप काल आई। जिसे उन्होंने नहीं उठाया। उसके तुरंत बाद फोन पर एक मैसेज आया। जिसमें दोबारा रंगदारी की मांग दोहराई गई। मैसेज कर डराने व धमकाने का प्रयास किया गया।

कार्यालय नगरपालिका चीका (कैथल)
Address : Near Community Center Guhla Road Cheeka, Tehsil, Guhla, Distt. Kaithal Ph:- 01743-221503

विज्ञापन/मुनादी

सर्व साधारण व सभी किसानों / लीजधारकों को सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगरपालिका चीका कार्यालय द्वारा अपनी कृषि योग्य भूमि की खुली बोली उपायुक्त महोदया कैथल द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि की अध्यक्षता में दिनांक 16-06-2026 को प्रातः 11:00 बजे एक वर्ष 2026-27 के लिए नगरपालिका कार्यालय भवन में करवाई जा रही है। सरकारी बोली की राशि मु0 29500/- रूपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छूक व्यक्ति मौके पर पहुंच कर जमीन / भूमि की खोली बोली दे सकते हैं। जिसके लिए नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस को नगरपालिका चीका कार्यालय में देख सकते हैं।
नोट :- कोई भी नगरपालिका का बकायादार व्यक्ति बिना बकाया अदा किए खुली बोली में भाग नहीं ले सकता।

हस्ता/- सचिव,
नगरपालिका चीका

हाईकोर्ट के दो अहम फैसले

24 साल पुराने हत्या मामले में पति-पत्नी बरी, मुख्य आरोपी की उम्रकैद बरकरार

- कोर्ट ने कहा कि मेडिकल साक्ष्य अभियोजन की कहानी से मेल नहीं खाते

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने करीब 24 वर्ष पुराने हत्या मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए दो आरोपियों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया, जबकि मुख्य आरोपी की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा। यह मामला मार्च 2002 में भिवानी जिले के ककरोली हुक्मी गांव में हुई सोमबीर की हत्या से संबंधित है।अभियोजन पक्ष के अनुसार, घटना की रात करीब 10 बजे रिसाला और उसकी पत्नी ओमपति ने मृतक सोमबीर को पकड़ रखा था, जबकि सह-आरोपी सतबीर ने उस पर कुल्हाड़ी से लगातार वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर सत्र न्यायालय में चालान पेश किया था, जहां वर्ष 2004 में तीनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 के तहत दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।हाईकोर्ट में अपील की सुनवाई के दौरान जस्टिस एनएस शेखावत और जस्टिस एचएस ग्रेवाल की खंडपीठ ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान और मेडिकल विशेषज्ञ की गवाही का विस्तृत अध्ययन किया। अदालत ने पाया कि अभियोजन द्वारा पति-पत्नी को मृतक को पकड़कर रखने की जो भूमिका दी गई थी, वह मेडिकल साक्ष्यों और घटनाक्रम से मेल नहीं खाती।न्यायालय ने यह भी माना कि रिसाला पहले से पैर की गंभीर चोट से पीड़ित था और लाठी के सहारे चलता था, जबकि ओमपति गांव के स्कूल में चपरासी के रूप में कार्यरत थी और घटना के समय वहां मौजूद होने का दावा किया गया। इन परिस्थितियों में उनके खिलाफ ठोस साक्ष्य नहीं मिले, इसलिए उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया। वहीं, अदालत ने सतबीर के खिलाफ प्रत्यक्षदर्शी गवाहों की गवाही, खून से सनी कुल्हाड़ी की बरामदगी और फोरेंसिक रिपोर्ट को भरोसेमंद मानते हुए उसकी उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा।

अग्रिम जमानत याचिका खारिज की आदेशों की अवहेलना पर सख्त टिप्पणी

- आरोपी ने पहले मिली जमानत की शर्तों का पालन नहीं किया और समर्पण के निर्देश भी नजरअंदाज किए

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में आरोपी नकवीर की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह मामला वर्ष 2023 में यमुनानगर में दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपी पर दंगा, मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाने, रास्ता रोकने, लूट और आपराधिक धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि न्यायिक आदेशों की लगातार अवहेलना करने वाले व्यक्ति को राहत नहीं दी जा सकती। आरोपी को पहले इस मामले में नियमित जमानत दी गई थी, लेकिन उसने जमानत की शर्तों का पालन नहीं किया। ट्रायल कोर्ट के समक्ष अनुपस्थित रहने पर उसकी जमानत रद्द कर दी गई थी और जमानती बांड भी जब्त कर लिए गए थे। इसके बाद हाईकोर्ट ने उसे चार सप्ताह के भीतर समर्पण करने का अवसर दिया था।

आरोपी ने निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं किया। बाद में समय बढ़ाने की मांग भी की गई, जिसे अदालत ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि याचिकाकर्ता का आचरण न्यायिक प्रक्रिया को कमजोर करता है। जस्टिस एनएस शेखावत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया।

ट्रक से 88 किलो अफीम बरामद, तस्कर गिरफ्तार

सिरसा। सिरसा में हरियाणा और राजस्थान पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से करीब 88 किलो 970 ग्राम अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक किशना राम को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक सीमेंट से लदा हुआ था, लेकिन उसकी तलाशी के दौरान नीचे बने गुप्त बॉक्सों में 95 पैकेटों में अफीम छिपाई गई मिली।डीएसपी राज सिंह ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने भागने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने पीछा कर काबू कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि यह खेप पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से लाई गई थी और इसे राजस्थान के जोधपुर में सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

निविदा आमंत्रण सूचना
कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, भिवानी
सिविल अस्पताल भिवानी, आयुष विंग भिवानी

12 वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2026 को भीम स्टेडियम भिवानी में किया जाना प्रस्तावित है। आयोजन हेतू निम्नलिखित वस्तुओं व सेवाओं के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 टैन्ट, मैट, एल०ई०डी०, साउंड सिस्टम, वाटर कैंपर इत्यादि।
2 टी-शर्ट प्रिंटिड लोगो सहित लगभग 1000 जिला स्तर एवं 1200 (200x6) ब्लॉक स्तर हेतू अलग-अलग और विभिन्न आकार में 5 शॉल 10 लोई 15x15 ईंच के 15 स्मृति चिह्न इत्यादि।
3 प्रिंटिड फ्लैक्स, बैनर, योग स्लोगन अलग-अलग आकार में लगभग 110 (लकड़ी एवं लोहे के फ्रेम सहित व फ्रेम रहित) लगवाई सहित ।

नियम व शर्तेः-

1 निविदा डालने वाली फर्म के पास अपना जी०एस०टी० नम्बर अनिवार्य है।
2 कोटेशन रेट जी०एस०टी० सहित होने चाहिए।
3 सामान की मात्रा एवं संख्या में जिला प्रशासन द्वारा संशोधन किया जा सकता है। जिसमें जिला प्रशासन का फैसला अंतिम रूप से मान्य रहेगा।
4 उपरोक्त क्रमांक 01 से 03 तक के लिए इच्छुक फर्म अपनी निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 15.06.2026 सांय 5 बजे तक कार्यालय समय के दौरान चौ० बंसीलाल सामान्य अस्पताल, आयुष विंग कार्यालय जिला आयुर्वेदिक अधिकारी भिवानी में दस्ती तौर पर बिंदुवार अलग-2 सील बंद लिफाफे में जमा करवाना सुनिश्चित करे।
5 निविदाएं गठित कमेटी सदस्यों की उपस्थिति में दिंनाक 16.06.2026 को दोपहर 12 बजे माननीय नगराधीश महोदय के कार्यालय में खोली जाएगीं। जिसमें सरकार की हिदायतों के अनुसार मूल्य निर्धारण किया जाएगा। अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में बदलाव होने की स्थिति में कमेटी का निर्णय अंतिम होगा।
6 इच्छुक फर्म निविदा स्वीकार होने की स्थिति में कमेटी के आदेशानुसार समय पर कार्य एवं सेवाओं की आपूर्ति करवाना सुनिश्चित करेगी। उनके कार्य में कोताही पाए जाने पर जिला प्रशासन द्वारा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

हस्ता/-जिला आयुर्वेद अधिकारी
भिवानी

पीआरडीएच-1010/11/181/2027/46082/88/6 दि. 10.06.26

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सोमबीर पुत्र श्री महेन्द्र सिंह, गांव-पिलाना, जिला-रोहतक ने बस स्टैण्ड लोहारू पर चाय व कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान वित्तवर्ष 2025-2028 दुकान पोलिसी अनुसार खुली बोली के माध्यम से किराये पर ली हुई थी। सोमबीर ठेकेदार का बीमारी के कारण दिनांक 20.01.2026 को देहान्त हो गया अब सोमबीर के भाई श्री मन्नु पुत्र श्री महेन्द्र सिंह, गांव-पिलाना, रोहतक को दुकान संचालन का दावेदार घोषित किया है। इसके अतिरिक्त अगर कोई अन्य दावेदार है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी कार्यालय में अपना पक्ष रख सकता है।

हस्ता-
महाप्रबन्धक
हरियाणा राज्य परिवहन,
भिवानी।

पीआरडीएच-1119/11/889/2027/46097/88/6 दि. 10.06.26

MUNICIPAL COMMITTEE SIWAN

Near Tehsil and BDPO Office, Siwan (Kaithal)
E-mail:- secy-siwan@ulbharyana.gov.in Ph:-01746-294600

कृषि योग्य भूमि को खुली बोली द्वारा पट्टे पर नीलामी करने बारे।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका सीवन की कृषि योग्य भूमि को वर्ष 2026-27 के लिए पट्टे पर देने के लिए नीलामी दिनांक 18.06.2026 को सुबह 11:00 बजे उपायुक्त महोदया कैथल की ओर से नियुक्त प्रतिनिधि उपमण्डल अधिकारी (ना०) कलायत की उपस्थिति में नगरपालिका सीवन के कार्यालय में की जाएगी। कोई भी इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि व समय पर आकर खुली बोली दे सकता है बोली दाता को बोली देने से पूर्व 50000/- रूपये राशि जमा करवानी होगी। जिस व्यक्ति के नाम बोली छुटेगी उसे उसी दिन लीज की पूर्ण राशि नगरपालिका सीवन मे जमा करवानी होगी।

पट्टे पर दी जाने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार से है:-

क्र. सं.	पट्टे पर दी जाने वाली भूमि का स्थान	रकबा	लीज समाप्त होने की तिथि
1.	नगरपालिका सीवन की सीमा में स्थित	6 एकड 1 कनाल 12 मरले	31.05.2027
2.	नगरपालिका सीवन की सीमा में स्थित	11 एकड 3 कनाल 0 मरले	31.05.2027

नोटः- बोली से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगरपालिका सीवन कार्यालय में देखी जा सकती है।

हस्ता /-सचिव,
नगरपालिका सीवन।

संवाद-1078/11/1072/2027/46071/C/88/6 दि. 10.06.26

ईयू का झटका, एक्सपोर्ट कंट्रोल के उपाय करेगा लागू

रूस से संबंध के चलते संकट में भारत-चीन की 50 कंपनियां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूरोपीय यूनियन ने भारत, चीन समेत दुनिया के कई देशों में स्थित 50 कंपनियों को झटका दिया है। ईयू ने यूक्रेन पर हमले के चलते रूस पर 21वें प्रतिबंध पैकेज की घोषणा की है। इन प्रतिबंधों ने अचानक इन आधा सैकड़ा कंपनियों के सामने संकट खड़ा कर दिया है। ईयू की ओर से ऐलान किया गया है कि वह भारत और अन्य देशों की उन 50 कंपनियों पर एक्सपोर्ट कंट्रोल के उपाय लागू करेगा, जो रूस की सेना के साथ सीधे कारोबार करती हैं। यूरोपीय यूनियन के इस ऐलान का असर भारत और चीन के साथ ही किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात में स्थित कंपनियों पर पड़ेगा और इन पर निर्यात प्रतिबंध लगाए जाएंगे। ईयू ने ये फैसला रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाने के उद्देश्य से लिया है।

तैयार हो रही सबसे बड़ी लिस्ट

प्रस्तावित 21वें प्रतिबंध पैकेज की घोषणा करते हुए यूरोपीय संघ की विदेश मामलों और सुरक्षा नीति की उच्च प्रतिनिधि काजा कल्लास ने कहा कि ये उपाय यूक्रेन में मॉस्को के सैन्य अभियान को वित्तपोषित करने और बनाए रखने की क्षमता पर लगाम लगाने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम धीरे-धीरे रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था की नींव को ध्वस्त करते जा रहे हैं, अब ब्रुसेल्स दो साल से अधिक समय में रूस पर प्रतिबंधों की सबसे बड़ी लिस्ट तैयार कर रहा है।'

निशाने पर रूस को समर्थन देने वाली कंपनियां

काजा कल्लास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर भी इन प्रतिबंधों से जुड़ी जानकारी शेयर की। इसमें उन्होंने कहा कि, 'हम रूस के सैन्य-औद्योगिक तंत्र को समर्थन देने वाली तमाम कंपनियों को भी निशाना बना रहे हैं। नई सूची में ड्रोन निर्माण क्षेत्र से जुड़ी 30 से अधिक संस्थाओं को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही 50 कंपनियों पर नए एक्सपोर्ट कंट्रोल उपाय लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम रूस की उत्पादन क्षमता को और बाधित करने के लिए अतिरिक्त निर्यात प्रतिबंध भी लगाएंगे। इनमें निकेल पाउडर, धातुएं और हाई परफॉर्मेंस मिश्रधातुएं शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ नई वस्तुओं के आयात पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

खबर संक्षेप

कनाडा में लॉरेंस के मेन हैंडलर की हत्या

टोरंटो। कनाडा के सरे शहर में पिछले महीने दिनदहाड़े एक ऑफिस में घुसकर जिस शख्स की हत्या हुई थी, उसके तार कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ते नजर आ रहे हैं। अब कनाडा पुलिस ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि मारा गया व्यक्ति कोई आम आदमी नहीं था, बल्कि लॉरेंस गैंग का गुरविक्रमजीत सिंह था जो अहम सहयोगी और मेन हैंडलर था। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस के विरोधी गैंग के रोहित गोदारा ने ली थी। यह घटना 4 मई 2026 की है।

महाराष्ट्र से गुजरात तक धमकी ही धमकी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र और गुजरात में बुधवार को कई जगहों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। इन जगहों में आरएसएस मुख्यालय, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग, मुख्यमंत्री कार्यालय,बॉम्बे हाईकोर्ट बिल्डिंग और मुंबई-पुणे के मेयर ऑफिस,अहमदाबाद नगर निगम मुख्यालय शामिल हैं। ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। दोनों राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार

(राज्य विधायिका अधिनियम 17 ऑफ 1995 द्वारा स्थापित)
एनएएसी प्रमाणित 'ए+' ग्रेड

प्रवेश सूचना 2026-27

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु बी.एससी. बी.एड. (आईटीईपी के तहत) और बी.ए. बी.एड. (आईटीईपी के तहत) के लिए

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु रेगुलर मोड में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम अर्थात बी.एससी. बी.एड. (आईटीईपी के तहत)-4 वर्षीय और बी.ए. बी.एड. (आईटीईपी के तहत)-4 वर्षीय के लिए प्रवेश हेतु एनटीए द्वारा आयोजित नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी-2026) में अपीयर हो चुके उम्मीदवारों से 10.06.2026 से ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत **प्रवेश सूचना** और प्रवेशों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी निहित "**विश्वविद्यालय विवरणिका 2026-27**" विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.gjust.ac.in** पर उपलब्ध हैं।

संवाद-1237/11/171/2027/46072/सी/88/6 दि. 10.06.26 डीन शैक्षणिक मामले

बालक का नाम-आदिल
उम्र- लगभग 6-7 साल

विवरण :- दिनांक 05.06.2026 को एक बालक नाम - आदिल उम्र- लगभग 6-7 साल जो कि रेलवे स्टेशन चरखी दादरी हरियाणा पर भिवानी रेवाडी पैसेन्जर रेलगाडी में मिला। बालक ने अपने पिता का नाम मोहम्मद समताज व माता का नाम जरीना बताया और बताया कि मेरे पिताजी धागा मिल में काम करते हैं। उम्र में छोटा होने के कारण बच्चा अपने घर का पता बताने में असमर्थ है। काफी कोशिश के बाद बच्चे का पता नहीं मिल सका। बालक लाल रंग की टी-शर्ट, स्लेटी रंग का पजामा तथा हवाई चप्पल पहने हुए पाया गया। बालक का गोल चेहरा, पतला शरीर व सांवला रंग है। बालक की डी.डी. नं. 18 दिनांक 05.06.2026 को पुलिस चौकी जी.आर.पी. रेलवे स्टेशन चरखी दादरी में दर्ज है। वर्तमान में बालक बाल कल्याण समिति चरखी दादरी के आदेशानुसार बाल देखभाल केन्द्र आस्था कुंज रेवाडी में देखभाल एवं संरक्षण हेतु रह रहा है।

सूचना देने हेतु पता :-
जिला बाल संरक्षण ईकाई, बाल कल्याण समिति चरखी दादरी, बस स्टैण्ड के सामने, पार्क वाली गली, घिकाडा रोड, चरखी दादरी (हरियाणा) फोन नं.-01250-297270

हस्ता/-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी
महिला एवं बाल विकास च० दादरी।

पीआरडीएच-1225/11/145/2027/46083/88/6 दि. 10.06.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम हिसार	एम.सी. हिसार में दुग्ध डेयरियों की शिफ्टिंग।	बंद होने की तिथि 29.06.2026	रु. 3461.76 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1662237007 xenmchissar@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46079/I/88/6 दि. 10.06.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका बवानी खेड़ा	एम.सी. बवानी खेड़ा में पटेल भवन के निर्माण हेतु 5वीं बार निविदा + 1 कार्य।	09.06.2026 19.06.2026	रु.16,94,268/-	https://etenders.hry.nic.in	9802401200 mc.bawanikhera1@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46103/I/88/6 दि. 10.06.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका महम	पुनःआमंत्रण निविदा :- एम.सी. महम में प्रिकास्ट आरसीसी स्लैब का प्रावधान व बिछाना।	06.06.2026 12.06.2026	डीएनआईटी के अनुरूप	https://etenders.hry.nic.in	9416022295 secy-meham@ulbharyana.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46076/I/88/6 दि. 10.06.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम सोनीपत	वर्ष 2026-27 हेतु मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से नगर निगम सोनीपत की सीमा के अंदर सम्पत्तियों के मूल्यांकन जानकारी सम्पत्ति कर सूचनाओं का मुद्रण और वितरण।	बंद होने की तिथि 22.06.2026	--	https://etenders.hry.nic.in	1302260100 xenhortmcs@gmail.com
2	नगर निगम सोनीपत	एम.सी. सोनीपत में सेक्टर-23 के निकट सी एंड डी कचरा संग्रहण संयंत्र हेतु चारदिवारी का निर्माण + 2 कार्य।	बंद होने की तिथि 19.06.2026	रु.1,59,44,416/-	https://etenders.hry.nic.in	1302260100 xenhortmcs@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/46077/I/88/6 दि. 10.06.26

वाराणसी कोर्ट ने रद्द किया निचली अदालत का फैसला

'राम को काल्पनिक' कहने पर राहुल के खिलाफ दोबारा सुनवाई

एजेंसी ▸▸ वाराणसी

भगवान राम को कथित तौर पर काल्पनिक कहने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका पर फिर से वाराणसी कोर्ट में सुनवाई होगी। एमपी-एमएलए की सीनियर कोर्ट ने बुधवार को लोअर कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। एडिशनल डिस्ट्रिक जज (एडीजे) यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने केस को वापस लोअर कोर्ट भेजते हुए नए सिरे से सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। राहुल गांधी पर अमेरिका के न्यूयॉर्क में ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। पिछले साल 12 मई को एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने याचिका दायर की थी। दावा किया था कि राहुल गांधी ने अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को 'पौराणिक' बताया था। 10 जून, 2026 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। इस आदेश के खिलाफ हरिशंकर पांडेय ने 26 सितंबर, 2025 को जिला जज की कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की थी।

दोषी पाए गए तो 5 साल की सजा

सीनियर एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने कहा- राहुल गांधी के खिलाफ बीएनएस की धारा- 163 और 4 में **FIR** दर्ज करने की मांग की गई है। इन धाराओं में गंभीर अपराध माना जाता है। अगर राहुल दोषी पाए जाते हैं, तो 5 साल की सजा हो सकती है। अगले महीने के पहले सप्ताह में कोर्ट में याचिका पर सुनवाई होगी।

दीर्घकालीन निर्माण का अनुबंध किया

कानपुर में बनेंगे घातक स्वदेशी ड्रोन, राजस्थान में हुआ परीक्षण

एजेंसी ▸▸ कानपुर

भविष्य के युद्धों में ड्रोन और स्वार्म टेक्नोलाजी की बढ़ती जरूरत के बीच कानपुर की ड्रोन कंपोनेंट निर्माण कंपनी बड़ी भूमिका निभाने जा रही है।

स्वदेशी घातक ड्रोन दिव्यास्त्र एमके-1 और एमके-2 के एयरफ्रेम यानी मुख्य ढांचे का निर्माण की जिम्मेदारी शहर की डेटम एडवांस्ड कंपोजिट्स प्रा. लिमिटेड को मिली है। दिव्यास्त्र का निर्माण करने वाली लखनऊ डिफेंस कॉरिडोर की कंपनी कावा यूएवी प्रा. लि. (ब्रांड नाम होवरइट) ने डेटम एडवांस्ड के साथ दीर्घकालीन निर्माण का अनुबंध किया है जिसके तहत हर साल कम से कम 200 एयरफ्रेम का निर्माण किया जाएगा। डेटम एडवांस्ड कंपोजिट्स पिछले पांच वर्ष से ड्रोन कंपोनेंट का निर्माण कर रही है।

इसे एडवांस्ड कंपोजिट स्ट्रक्चर्स, प्रिसीजन मैन्युफैक्चरिंग और स्ट्रक्चरल इंटीग्रेशन के निर्माण का विशेषज्ञ माना जाता है। डेटम के निदेशक तन्मय तिवारी ने बताया कि कंपनी ने पनकी में अपना मैन्युफैक्चरिंग एरिया विकसित कर रखा है जहां एयरफ्रेम का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिव्यास्त्र एमके-वन का सफल परीक्षण पिछले सप्ताह राजस्थान के जोधपुर स्थित रेगिस्तान में किया गया है।

महामारी रोकथाम की दिशा में बड़ी उपलब्धि

विश्व के पहले एआई-डिजाइन टीके का मानव परीक्षण

एजेंसी ▸▸ एडिनबरा (ब्रिटेन)

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से नए प्रकार का एक टीका विकसित किया है, जिसका मुख्य घटक पूरी तरह एआई ने डिजाइन किया है। इस टीके का पहली बार मनुष्यों पर परीक्षण किया गया है और इसे भविष्य की महामारियों से बचाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक कदम माना जा रहा है। एडिनबरा यूनिवर्सिटी की नील मेबॉट ने बताया, अनुसंधानकर्ताओं का लक्ष्य एक ऐसा 'ब्रॉड-स्पेक्ट्रम' टीका विकसित करना है, जो केवल एक वायरस या उसके किसी एक स्वरूप तक सीमित न होकर पूरे वायरस परिवार के खिलाफ सुरक्षा दे सके। इसका उद्देश्य न केवल सभी ज्ञात कोरोना वायरस स्वरूपों से बचाव करना है, बल्कि ऐसे संबंधित बैट (चमगादड़) वायरसों से भी सुरक्षा देना है, जो भविष्य में इंसानों में फैलकर महामारी का रूप ले सकते हैं।

यह कहा वैज्ञानिकों ने

वैज्ञानिकों का कहना है कि एक सार्वभौमिक टीका बनाने में अभी कुछ साल और लगेंगे, लेकिन यह अध्ययन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेषज्ञ मानते हैं कि एआई तकनीक टीका विकास की गति और दायरे को पूरी तरह बदल सकती है तथा भविष्य की महामारियों से निपटने में अहम भूमिका निभा सकती है।

उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनिमपुर (झज्जर) - 124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

केन्द्र पर शेड नेट हाउस (flat shape shade Net House) बनवाने हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर शेड नेट हाउस (flat shape shade Net House) बनवाने हेतु हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। इस कार्य हेतू विस्तरित जानकारी इस प्रकार है।

Sr. No.	Item	Description	Qty.	Unit rate with tax
1	Dimension	Size: 18 x 20 mtr. Height: 4 mtr. Design: Flat roof	1	
2	Structure	Horizontal: 60 mm OD, 2 mm Purlims: 48 mm OD, 2 mm Bracings: 32 mm OD, 2 mm	360sqm.	
3	Cladding material	All top & sides covere with 50% green UV stabilized mono tape shade net. Shade net cover fixed with GI profile & locking zig-zag springs.	360sqm.	
4	Humidification /Misting System	Fogger: Micro fogger hanging 4/way	360sqm.	
5	Installation Labour	Labour & Supervision for Installation	360sqm.	
6	Civil Work	Foundation: Grouting of vertical poles & Hockey in CC 1:2:4 (1 Cement: 2 Sand: 4 Stone) Aggregate 20 mm nominal size (40 x 40 x 750 cm) below ground level.	Complete in all respect	

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 11/06/2026 सांय 5 बजे तक पोस्ट / कुरियर या दस्ती तौर या ई-मेल coemunimpur@gmail.com पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करे। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे एवं भुगतान बजट की उपलब्धता अनुसार किया जाएगा।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द,
मुनीमपुर, झज्जर

पीआरडीएच-1149/11/1121/2027/46095/88/6 दि. 10.06.26

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना
{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/390 दिनांकः-02/06/2026

संदर्भः

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (67) कम्पनियों का नाम हरियाणा राज्य से हटाने के मामले में:

S.No	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC3274178	U52520HR2022PTC108082	एलिसियन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
2	AC3317257	U46596HR2026OPC142334	मेटाहेल्थएक्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
3	AC3081014	U65992HR2009PTC039606	साकेत अशियाना चिट्स प्राइवेट लिमिटेड
4	AC3380282	U47590HR2023PTC116851	पार्शात एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड
5	AC3477074	U80903HR2021PTC092809	एप्लॉज ई-ऑनलाइन एडुटेक प्राइवेट लिमिटेड
6	AC3255829	U93090HR2022PTC107589	सोलस फ्यूनरल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
7	AC3265264	U70200HR2025OPC129087	ऑप्टीलिटिक्स एडवरटाइजिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
8	AC3503874	U74140HR2015PTC055554	चीसेल एंड एड्ज कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
9	AC3500688	U11049HR2023PTC115698	ब्रूबर्स्ट बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड
10	AC3323999	U01611HR2023PTC109585	महाशया हाइब्रिड सीड्स प्राइवेट लिमिटेड
11	AC3238909	U46610HR2023FTC110415	इंडिको इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
12	AC3429392	U93000HR2018PTC077415	जस्कूल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
13	AC3314303	U52241HR2023PTC114475	बाप्पारेल सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड
14	AC3332876	U27320HR2019PTC078820	मानसिंह स्टेनलेस (हिसार) प्राइवेट लिमिटेड
15	AC3322100	U14101HR2025PTC137407	स्वान्या क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड
16	AC3388497	U74999HR2021PTC096991	रेडिव क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड
17	AC3356696	U15490HR2022PTC104060	वीडीएम टी प्राइवेट लिमिटेड
18	AC3355856	U27320HR2020PTC090864	विस्पैट मेटल प्राइवेट लिमिटेड
19	AC3364471	U25920HR2024PTC125113	एसए इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड
20	AC3372503	U47912HR2024PTC122619	बीटीबिज गिफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
21	AC3353894	U65990HR2021PLN094254	बारू मल म्युचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड
22	AC3361700	U24233HR1993PTC032154	मेडिकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
23	AC3443975	U47912HR2024PTC124091	स्टिलमाइंड मैटर्स प्राइवेट लिमिटेड
24	AC3394343	U74999HR2014PTC053221	पायोनियर फॉरेक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
25	AC3391988	U74999HR2017PTC072012	गोयम फैमिली ऑफिस प्राइवेट लिमिटेड
26	AC3404492	U80903HR2019PTC080587	प्रकाश साइंस अकादमी प्राइवेट लिमिटेड
27	AC3423380	U96906HR2025PTC132930	एस्ट्रोविक प्राइवेट लिमिटेड
28	AC3411606	U55101HR2022PTC100425	कआरा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
29	AC3441445	U29253HR2012PTC047813	ए.पी. प्रिसीजन ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
30	AC3428688	U43299HR2023PLC110472	परमिला वर्क डेवलपर्स लिमिटेड
31	AC3437044	U62099HR2023PTC109905	पेमेंटल टेक प्राइवेट लिमिटेड
32	AC3415927	U27100HR2009PTC039454	एसजी फेरो इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड
33	AC3447623	U52599HR2021PTC094861	वाविस्टो बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड
34	AC3427623	U50400HR2021PTC099892	एक्सॉन्स ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
35	AC3448499	U72900HR2022PTC107527	अनुकुलम लिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
36	AC3443209	U74999HR2018PTC074042	सत्यमहोदरी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड
37	AC3458564	U70200HR2023PTC111732	स्क्रिप्ट बुकहीलर्स प्राइवेट लिमिटेड
38	AC3447818	U80902HR2022PTC108129	अनुकुलम एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड
39	AC3446845	U72900HR2022PTC108127	अनुकुलम डिजिटल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड
40	AC3645013	U73100HR2023PTC111952	वृद्धि मीडिया सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
41	AC3448121	U74999HR2022PTC108228	अनुकलम हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड
42	AC3497484	U74999HR2019PTC078171	सिनोमैक्स बिजनेस सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
43	AC3482594	U01820HR2019PTC081086	धाराशक्ति एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
44	AC3485262	U19204HR2024OPC124704	ब्रिकपेल टेक सॉल्यूशंस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
45	AC3500680	U45300HR2025PTC135763	डाइनामिको एक्सलस एंड ड्राइव व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड
46	AC3482745	U71100HR2024PTC119371	सस्टेनेबल डिजाइन एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड
47	AC3507770	U33119HR2022PTC103702	प्रोपैक इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड
48	AC3514321	U28113HR2012PTC045283	ऑमटेक इंजीकॉन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
49	AC3617359	U74899HR1991PTC106368	न्यू दिल्ली मेल ऑर्डर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
50	AC3492691	U74999HR2020PTC088662	वेंथ्रापी प्राइवेट लिमिटेड
51	AC3562299	U45201HR2020PTC091511	गुरु गंगानाथ इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड
52	AC3527778	U72900HR2019PTC095449	रिचार्जडायरेक्ट प्राइवेट लिमिटेड
53	AC3522863	U68200HR2025OPC137117	व्हाइटएम्पायर रियल्टी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
54	AC3531085	U52320HR2021PTC093623	केलाया प्राइवेट लिमिटेड
55	AC3544089	U55101HR2021PTC094814	राइस्ट एंड कुंजियन प्राइवेट लिमिटेड
56	AC3558706	U43299HR2024PTC126423	सुनोवा इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
57	AC3613965	U63122HR2025OPC127646	रेंटस्वाइज्ञ टेक्नोलॉजीज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
58	AC3577779	U63030HR2019PTC078569	ट्रिपिनरी ट्रैवलटेक प्राइवेट लिमिटेड
59	AC3571876	U13139HR2023FTC109680	इमर्जिंग टेक्सटाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
60	AC3558474	U27201HR2025OPC138621	स्क्ट्रोनिक्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
61	AC3584692	U59201HR2023PTC116026	डिप्सने म्यूजिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड
62	AC3589912	U01100HR2019PTC081175	एग्रोसेंट प्राइवेट लिमिटेड
63	AC3580658	U67100HR2017PTC069197	दासानदास चिट्स प्राइवेट लिमिटेड
64	AC3599440	U80200HR2024PTC123225	इरांगे टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
65	AC3589614	U24299HR2019PTC078876	इन्सेप्टिकॉन केमसर्च प्राइवेट लिमिटेड
66	AC3599570	U01100HR2021PTC097165	चौताला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
67	AC3611549	U56301HR2023PTC112424	एसवीकेएस फूड एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी ने रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को/कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0176/2627

विदेशी पूंजी आकर्षित हो सकती है, रुपये को समर्थन मिलेगा

आरबीआई के उपाय 70 अरब डॉलर तक विदेशी पूंजी कर सकते हैं आकर्षित: इंडिया रेटिंग्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के एफसीएनआर (बी) जमा एवं सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के बाह्य यानी विदेशी वाणिज्यिक उधारी से जुड़े विदेशी मुद्रा अदला-बदली उपायों से 60 से 70 अरब डॉलर की विदेशी पूंजी आकर्षित हो सकती है, जिससे रुपये को समर्थन मिलेगा। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बुधवार को यह कहा।

केंद्रीय बैंक ने आठ जून को घोषणा की थी कि अधिकृत डीलर बैंक तीन से पांच वर्ष की परिपक्वता वाले विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर बी) जमा के लिए 30 सितंबर तक आरबीआई की अदला-बदली सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। यह सुविधा बैंकों को अमेरिकी डॉलर जमा को नियामक के साथ अदला-बदली करने तथा मुद्रा जोखिम प्रबंधन में मदद करेगी।

बैंक विदेशी जमाकर्ताओं को बेहतर रिटर्न दे सकते हैं

आरबीआई के विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ाने के लिए घोषित उपायों में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को 30 सितंबर तक ईसीबी जुटाने के लिए रियायती मुद्रा अदला-बदली सुविधा भी शामिल है। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि एफसीएनआर (बी) विदेशी पूंजी जुटाने में अहम भूमिका निभाएगा जिसमें हेजिंग यानी जोखिम बचाव से जुड़े लागत का भार आरबीआई उठाएगा और बैंक विदेशी जमाकर्ताओं को बेहतर रिटर्न दे सकेंगे।

30 सितंबर तक अदला-बदली सुविधा का उपयोग कर सकते हैं

बैंक अमेरिकी डॉलर जमा को नियामक के साथ बदल सकते हैं

विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ाने में मदद मिल सकती है

रुपया औसत 93.10 के स्तर पर रह सकता है
वित्त वर्ष 2026-27 में यह औसतन लगभग 93.10 रुपये के स्तर पर रह सकती है। मुद्रा की दिशा मुद्रास्फीति, ब्याज दरों और पूंजी प्रवाह के रुझान पर निर्भर करेगी।

वित्त पोषण दबाव कम होगा : रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा, '' इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि यह व्यवस्था बड़े पैमाने पर पूंजी प्रवाह उत्पन्न करेगी, जो 60 से 70 अरब डॉलर के दायरे में हो सकता है। इससे रुपये को महत्वपूर्ण सहारा मिलेगा और वित्तीय प्रणाली में व्यापक वित्त पोषण दबाव कम होगा।''

व्यापार घाटा बढ़ने से रुपये पर दबाव बढ़ा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने ऊर्जा कीमतों को बढ़ाया है जिससे व्यापार घाटा बढ़ा और रुपये पर दबाव पड़ा है। बड़े पूंजी निकासी ने भी मुद्रा को कमजोर किया है। नीति निर्माताओं ने विदेशी पूंजी आकर्षित करने और विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के लिए उपाय किए हैं। इनका उद्देश्य केवल रुपये को स्थिर करना ही नहीं बल्कि बाहरी संतुलन सुधारना और वैश्विक बाजार एकीकरण को बढ़ाना भी है।

एफपीआई की भागीदारी बढ़ाने कई सुधार लागू

आरबीआई के अलावा, सरकार ने आठ जून को सरकारी प्रतिभूति बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई सुधार लागू किए। इनमें ब्याज आय, दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) और अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) पर कर छूट, पूरी तरह सुलभ मार्ग (एफएआर) के तहत प्रतिभूतियों का विस्तार और निवेश मानकों को सरल बनाना शामिल है।

कमजोर निर्यात के कारण जोखिम बना हुआ

इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने कहा, '' सरकार और आरबीआई के समन्वित उपाय एक 'बफर' प्रदान करते हैं, लेकिन अनिश्चित वैश्विक माहौल और कमजोर निर्यात के कारण जोखिम बने हुए हैं।' उन्होंने कहा, हालांकि यह अल्पकाल में राहत दे सकता है, लेकिन मध्यम से दीर्घ अवधि में मजबूत पूंजी प्रवाह टिकाऊ राहत प्रदान कर सकते हैं।

- स्थिर रुख के साथ बाजार बंद हुआ
- तेल एवं गैस, धातु व दूरसंचार में बिकवाली रही

खाड़ी तनाव फिर बढ़ने से शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ने के कारण बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार शुरुआती बढ़त को गंवा कर लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। तेल एवं गैस, धातु और दूरसंचार शेयरों में अंतिम घंटे की बिकवाली की वजह से सेंसेक्स में जहां मामूली बढ़त रही, वहीं निफ्टी नुकसान में बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाले सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवा कर अंत में सीमित लाभ के साथ बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 694.25 अंक तक चढ़कर 74,613.01 अंक के स्तर पर पहुंच गया था,

लेकिन अंत में यह मामूली 64.42 अंक बढ़त के साथ 73,983.18 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 27.15 अंक फिसलकर 23,214.95 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख तथा विदेशी कोषों के प्रवाह से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है।

एशियाई बाजार नुकसान में बंद : अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी दोपहर के कारोबार में नुकसान में थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

सीएमआर ग्रीन 43 प्रतिशत अधिक चढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। गैर-लौह धातु पुनर्चक्रण क्षेत्र की कंपनी सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज का शेयर अपने निर्गम मूल्य 192 रुपये के मुकाबले 43 प्रतिशत से अधिक चढ़कर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 275.40 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य के मुकाबले 43.43 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। एनएसई पर यह शेयर 39.58 प्रतिशत की चढ़कर 268 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 5,504.86 करोड़ रुपये रहा।

CHHOTU RAM POLYTECHNIC, ROHTAK
(Run & Managed by Jat Education Society (Regd.), Rohtak)

TENDER NOTICE FOR SUPPLY of BOOKS

Sealed tenders/quotations are invited from reputed publishers/ suppliers for the supply of books for the Institute Library.
Last Date for Submission of Tender/Quotation: 22/06/2026 up to 01:00 PM
Date & Time of Opening of Tender: 22/06/2026 at 02:00 PM
The list of required books can be obtained from the Library of the Institute on any working day during office hours.
The committee reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason.

Sd/- PRINCIPAL,
C.R. Polytechnic, Rohtak, Phone: 01262-274667

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
टेंडर नोटिस सं. **61256627A, 61265565, 61265701,61265702, 61265703 & 61265743**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

क्र.सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	बंद होने की तिथि
1	61256627A	मिग / मैग वेल्डिंग मशीन	30 नग	06 जुलाई 2026
2	61265565	मस्ट चेंज किट एयर ब्रेक सिस्टम ऑफ LHB	100 सेट्स	09 जुलाई 2026
3	61265701	सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ फ्यूल फ्लो मीटर	120 सेट्स	06 जुलाई 2026
4	61265702	सप्लाई एंड रेट्रो-फिटमेंट ऑफ रिवाइज्ड वायरिंग विथ मॉडिफाइड IP67 जंक्शन बॉक्सेस एंड मिल ग्रेड कनेक्टर्स फॉर LHB	150 सेट्स	09 जुलाई 2026
5	61265703	सप्लाई, इंस्टालेशन, एंड टेस्टिंग ऑफ रेट्रो फिटमेंट ऑफ रिवाइज्ड WSP वायरिंग विथ मॉडिफाइड जंक्शन बॉक्सेस	150 सेट्स	09 जुलाई 2026
6	61265743	वेरियस आइटम्स ऑफ कम्मिंस मेक आइटम्स	210 (कुल क्वांटिटी)	09 जुलाई 2026

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
1982/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
(भारत सरकार)

''सार्वजनिक अधिसूचना''

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एततद्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित खण्डों पर 2x25000V, 50 हर्ट्ज, एसी शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट दिनांक को या उसके बाद ऊर्जित किया जाएगा। उन तारीखों पर और उन तारीखों के बाद शिरोपरि कर्षण लाइनों को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

क्रमांक	खण्ड	इकाई	दिनांक
1	न्यू डाबला यार्ड (DFCCIL) के लोकेशन संख्या DAB-1017 (चेनेज Km 1265.346) से (जिसमें Km 1265.346 को संदर्भ बिंदु मानते हुए Km 0.00 निर्धारित किया गया है) IMLH कनेक्टिंग लाइन के लोकेशन संख्या 08/43 (Km 9.88) तक का खंड, जिसमें IMLH यार्ड भी सम्मिलित है, (कुल 9.88 किमी लंबा सिंगल लाइन सेक्शन)	मुख्य महाप्रबंधक / डीएफसीसीआइएल / जयपुर	12.06.2026

मुख्य महाप्रबंधक डीएफसीसीआईएल – जयपुर

रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
(भारत सरकार)

''सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी''

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पश्चिमी मालभाडा गलियारा के निम्नलिखित खण्डों पर खण्डों के सामने विनिर्दिष्ट दिनांक या उसके बाद 2X25000 वोल्ट पर उर्जित होने के कारण सभी समपार फाटको पर सड़क सतह से 4.67 मी. की स्पष्ट ऊंचाई पर ऊंचाई गेजें पर लगाई गई है ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके।

क्रमांक	खण्ड	इकाई	दिनांक
1	न्यू डाबला यार्ड (DFCCIL) के लोकेशन संख्या DAB-1017 (चेनेज Km 1265.346) से (जिसमें Km 1265.346 को संदर्भ बिंदु मानते हुए Km 0.00 निर्धारित किया गया है) IMLH कनेक्टिंग लाइन के लोकेशन संख्या 08/43 (Km 9.88) तक का खंड, जिसमें IMLH यार्ड भी सम्मिलित है, (कुल 9.88 किमी लंबा सिंगल लाइन सेक्शन)	मुख्य महाप्रबंधक / डीएफसीसीआइएल / जयपुर	12.06.2026

जन साधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का उल्लंघन न करें।
अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है:–
ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।
वाहन पर ले जाये जा रहे सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
चालको की खतरनाक सामीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

मुख्य महाप्रबंधक डीएफसीसीआईएल – जयपुर

NOTICE

I, Santosh mother of No. 4288911Y Rank Hav. Name Parmod Kumar presently residing at V.P.O. Rindhana Teh. Gohana Distt. Sonipat, Haryana PIN-131304 declare that I have changed my name from Satish Devi to Santosh & date of birth from 19-4-1968 to 1-1-1963. So, my changed name Santosh & date of birth 1-1-1963 should be used for all future purposes.

NOTICE

I, Ranvir father of No. 4288911Y Rank Hav. Name Parmod Kumar presently residing at V.P.O. Rindhana Teh. Gohana Distt. Sonipat, Haryana PIN-131304 declare that I have changed my name from Ranbir Singh to Ranvir & date of birth from 17-8-1966 to 1-1-1961. So, my changed name Ranvir & date of birth 1-1-1961 should be used for all future purposes.

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF DHIRAJ YADAV Civil Judge Junior Division, Bahadurgarh
Bhoop Singh
Vs.
Dinesh Kumar
CNR No. HRJRA0-000131-2023
Next Date:- 07-07-2026
PUBLICATION ISSUED TO :
10(ii) Tarf Singh S/o Ram Singh S/o Rattan Singh, 10(iv) Sona Devi D/o Ram Singh S/o Rattan Singh, 10(v) Smt. Shanti Devi D/o Ram Singh S/o Rattan Singh, 10(vi) Shagun Devi D/o Ram Singh S/o Rattan Singh, 10(vii) Krishna Devi D/o Ram Singh S/o Rattan Singh, 10(viii) Kailash @ Bheelo Devi D/o Ram Singh S/o Rattan Singh, 11(i)(b) Dinesh S/o Chunni Lal S/o Ganga Ram S/o Rattan Singh, 11(v)(a) Santosh Devi D/o Basanti Devi D/o Ganga Ram S/o Rattan Singh, 11(v)(b) Geeta Devi D/o Basanti Devi D/o Ganga Ram S/o Rattan Singh, 11(v)(c) Lalita Devi D/o Basanti Devi D/o Ganga Ram S/o Rattan Singh, 11(v)(d) Parveen S/o Basanti Devi D/o Ganga Ram S/o Rattan Singh, 11(Krishan Dai D/o Ganga Ram S/o Rattan Singh, 15(i) Lado Devi D/o Daryao Singh S/o Rattan Singh, 15(ii) Rampati Devi D/o Daryao Singh S/o Rattan Singh, 15(iii) Ompati Devi D/o Daryao Singh S/o Rattan Singh, 15(v) Jagdish S/o Daryao Singh S/o Rattan Singh, 15(vi) Mohender S/o Daryao Singh S/o Rattan Singh, 15(vii) Mahabir Singh S/o Daryao Singh S/o Rattan Singh, 23(i) Basanti Devi @ Parwati D/o Thakur Singh S/o Rattan Singh, 23(ii) Sat Narian S/o Thaker Singh S/o Rattan Singh, 25. Anguri D/o Rizku S/o Mohra, 26(i) Shashikant Devi D/o Murti Devi D/o Rizku, 26(ii) Sarla Devi D/o Murti Devi D/o Rizku, 26(iii) Sarswati Devi D/o Murti Devi D/o Rizku, 26(iv) Urmila Devi D/o Murti Devi D/o Rizku, 26(v) Santosh Devi D/o Murti Devi D/o Rizku, 26(vi) Umesh Devi D/o Murti Devi D/o Rizku, 26(vii) Surender Singh S/o Murti Devi D/o Rizku, 26(viii) Satbir Singh So Murti Devi D/o Rizku, 27(i)(a) Deepika D/o Vinod Devi D/o Lali D/o Rizku, 27(ii) Santosh Devi D/o Lali D/o Rizku , 27(iii) Manju Devi D/o Lali D/o Rizku, 27(vi) Nirdosh Devi D/o Lali D/o Rizku, 27(v) Sarita Devi D/o Lali D/o Rizku, 27(vi) Kavita Devi D/o Lali D/o Rizku, 27(vii) Parveen S/o Lali D/o Rizku, 27(viii) Pawan Saini S/o Lali D/o Rizku, All residents of Gali No. 4, Ram Nagar, Parnala Road, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar.
Defendant
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 07-07-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=Jhajjar***
Sd/- Civil Judge, Junior Division, Bahadurgarh
Dated, this day of 10-06-2026

खबर संक्षेप

रुपया 14 पैसे चढ़कर डॉलर के मुकाबले 95.27 पर

मुंबई। रुपया बुधवार को 14 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.27 पर रहा। अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने तथा घरेलू मुद्रा में और गिरावट को थामने के लिए आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि शुरुआती नुकसान को कम करते हुए रुपया अंत में सकारात्मक स्तर पर बंद हुआ।

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मांग घटने से सोना 4,300 रुपये टूटा, चांदी 10,000 रुपये लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से मांग कमजोर पड़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोना 4,300 रुपये टूटकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि चांदी 10,000 रुपये फिसलकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। स्थानीय सराफा कारोबारियों ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 4,300 रुपये यानी करीब तीन प्रतिशत गिरकर 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 10,000 रुपये यानी करीब चार प्रतिशत लुढ़ककर 2,45,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का बंद भाव 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के

- सोना टूटकर 1.56 लाख रुपये प्रति दस ग्राम
- चांदी गिरावट के साथ 2,45,700 रुपये प्रति किलो

बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया, जिससे डॉलर मजबूत हुआ और कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई। पीएल वेल्थ के प्रमुख (उत्पाद एवं पारिवारिक कार्यालय) राजकुमार सुब्रमण्यन ने कहा कि ऊर्जा कीमतों में उछाल से महंगाई के लंबे समय तक ऊपर बने रहने और ब्याज दरें ऊंची बनी रहने की आशंका बढ़ी है, जिससे सोने-चांदी को लेकर आकर्षण में कमी आई है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई में निचले स्तर पर रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- मई में 12 महीने के निचले स्तर 22,908 करोड़ रुपये
- अप्रैल में दर्ज 38,440 करोड़ रुपये से 40 प्रतिशत कम

पश्चिम एशिया संकट के बीच बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश मई में एक साल के सबसे निचले स्तर 22,908 करोड़ रुपये पर रहा। यह प्रवाह अप्रैल में दर्ज 38,440 करोड़ रुपये से 40 प्रतिशत कम है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) योगदान मामूली रूप से घटकर 30,954 करोड़ रुपये रहा, जबकि अप्रैल में यह 31,115 करोड़ रुपये था। मासिक आधार पर गिरावट के बावजूद एसआईपी, म्यूचुअल फंड उद्योग का एक प्रमुख स्तंभ बना रहा। मई में एसआईपी की प्रबंधन अधिक परिसंपत्ति बढ़कर 17.12 लाख करोड़ रुपये हो गई जो उद्योग की कुल एयूएम का लगभग 21 प्रतिशत है। म्यूचुअल फंड उद्योग में मई में कुल मिलाकर 64,000 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी दर्ज हुई जबकि अप्रैल में 3.22 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था।

गूगल की क्लाउड सेवाएं देश के कई शहरों में हुईं बाधित

नई दिल्ली। आग लगने के बाद गूगल क्लाउड की सेवाओं में दिल्ली, मुंबई और चेन्नई सहित कई प्रमुख भारतीय शहरों में नेटवर्क व्यवधान और देरी की समस्या देखी गई। वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी ने बुधवार को कहा कि तीसरे पक्ष के इस डेटा सेंटर में आग लगने के कारण नेटवर्किंग उपकरणों की आपातकालीन रूप से बिजली बंद करनी पड़ी, जिससे दिल्ली में एक स्थानीय 'प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस' (पीओपी) अलग-थलग पड़ गया और महानगर क्षेत्र में उपलब्ध नेटवर्क क्षमता घट गई। क्लाउड सेवाएं बाधित होने की घटना मंगलवार देर रात शुरू हुई।

राशिफल

मेष — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

अत्याधुनिक आईसीपी-एमएस लैब सुविधा का उद्घाटन किया

रांची। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (तकनीकी) श्री अच्युत घटक एवं सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री चौधरी शिवराज सिंह ने अपने मुख्यालय, रांची में कोल कैरेक्टराइजेशन लेबोरेटरी के तहत अत्याधुनिक आईसीपी-एमएस लैब सुविधा का उद्घाटन किया। यह लैब सुविधा इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा मास स्पेक्ट्रोमेट्री एक्स-रे फ्लोरेसेंस और एक्स-रे डिफ्रैक्शन जैसी एडवांस्ड मशीनों से लैस है। यह एक ही जगह पर नान-कोल खनिजों के एलिमेंटल, केमिकल और मिनरलोलाजिकल कैरेक्टराइजेशन के लिए एक व्यापक एनालिटिकल प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) नृपेन्द्र नाथ, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी बीडी) आनंद मोहन, सीआईएल के कार्यपालक निदेशक (सीपी एंड पीएम), के राजशेखर एवं कार्यपालक निदेशक (गवेषण) आर0के0 सिंह सहित सीएमपीडीआई तथा सीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

विश्व पोहा दिवस : फॉर्च्यून ने भारत के पसंदीदा नाश्ते को दिया अनोखा सम्मान

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी खाद्य व एफएमसीजी कंपनियों में से एक, एग्री बिजनेस लिमिटेड ने अपने प्रमुख ब्रांड, फॉर्च्यून के माध्यम से विश्व पोहा दिवस मनाया। इंदौर के द हब में फॉर्च्यून पोहा को प्रदर्शित करते हुए एक बड़े सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में फॉर्च्यून पोहा का उपयोग करके तैयार की गई 100 किस्मों के पोहा का रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन किया गया और एक ही समय में 1,000 से अधिक लोगों को फॉर्च्यून पोहा परोसकर एक और रिकॉर्ड बनाने का महत्वाकांक्षी प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम ने निवासियों और भोजन प्रेमियों को देश के सबसे प्रिय नाश्ते में से एक को सम्मानित करने के लिए एक साथ लाया। पोहा की 100 किस्मों की प्रदर्शनी ने इस मशहूर डिश की अलग-अलग खूबियों, क्षेत्रीय विविधता और सांस्कृतिक महत्व को दिखाया। इसके साथ ही, फॉर्च्यून ने देश में पोहा खाने के सबसे बड़े आयोजनों में से एक का आयोजन किया, जिसमें 1,000 से ज़्यादा लोगों ने एक साथ मिलकर फॉर्च्यून पोहा का आनंद लिया और एक रिकॉर्ड बनाने की कोशिश की। इस पहल के नतीजे में 'गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में नाम दर्ज हुआ, जो भारत की पाक-कला की विरासत के जश्न में एक खास उपलब्धि है। पोहा सिर्फ़ नाश्ते की एक डिश नहीं है। यह भारत की खान-पान की संस्कृति का एक अहम हिस्सा है।

शब्द पहेली - 6253



बाएँ से दाए
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

ऊपर से नीचे
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

शब्द पहेली - 6252 का हल



केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 7 संकल्प पारित

अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण को भी दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज -2(ए) को मंजूरी दे दी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि शहरी परिवहन को सुगम और आधुनिक बनाने के लिए कैबिनेट ने 'अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के चरण 2ए' को भी अपनी मंजूरी दे दी है। इस नए विस्तार के तहत 6.032 किमी लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। यह परियोजना मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो गलियारे के साथ जुड़ेगा।

ब्याज सहित इस मेट्रो परियोजना की अनुमानित लागत 2,169.04 करोड़ रुपए आएगी

6.032 किमी लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार

मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो गलियारे के साथ जुड़ेगा



अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना

पांच नए मेट्रो स्टेशन होंगे

फेज-2(ए) में चार एलिवेटेड और एक भूमिगत स्टेशन होगा। नया मार्ग शुरू होने के बाद, अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 77.63 किमी हो जाएगी। परियोजना के तहत प्रस्तावित स्टेशन -आश्रम रोड, कोटेश्वर प्राचीन मंदिर, साबरमती नदी, सरदार नगर और एयरपोर्ट होंगे। ब्याज सहित इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 2,169.04 करोड़ रुपए है। इस दौरान करीब 2,000 लोगों को रोजगार मिलेगा और प्रणाली के संचालन और रखरखाव के दौरान 500 लोगों के काम मिलने की संभावना है।

अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए विशेष जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निर्वाचित पीएम के रूप में सबसे लंबी अवधि तक पद पर रहने का नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए आज हुई कैबिनेट की बैठक में बाकायदा एक प्रस्ताव भी पारित किया गया है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से पीएम मोदी ने 'सात संकल्प' पेश किए हैं, जिनमें डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, स्टार्टअप इंडिया, नवाचार और उद्यमिता पर विशेष जोर दिया गया है।

अमरावती में केंद्रीय कार्यालय की मंजूरी

आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती में केंद्रीय सरकारी जनरल पूल कार्यालय आवास (सीजीजीपीओ) के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

5.53 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा

यह कार्यालय परिसर 5.53 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा और इसमें दो प्रमुख ब्लॉक बनाए जाएंगे। एक ब्लॉक प्लॉट सी-9 पर ग्राउंड प्लस 13 मंजिलों का होगा, जबकि दूसरा ब्लॉक प्लॉट सी-8 पर ग्राउंड प्लस 10 मंजिलों का बनाया जाएगा।

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आवासीय योजना

अमरावती में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (जीपीआरए) के निर्माण को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य पर्याप्त आवासीय सुविधा प्रदान करके केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर वित्तीय बोझ कम करना है। जीपीआरए कैंपस 17 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इस परियोजना में टाइप 2 से टाइप 6 तक की 1,504 आवासीय इकाइयों वाले 11 आवासीय टावर शामिल हैं, जिनमें रिफ्यूज एरिया भी शामिल हैं। परियोजना में 1,972 समतुल्य कार पार्किंग स्थान (ईसीएस) की क्षमता वाली बेसमेंट पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। परियोजना का कुल निर्मित क्षेत्र 31.30 लाख वर्ग फुट (2,90,762 वर्ग मीटर) है।

खबर संक्षेप

मोदी-नेहरू की तुलना उचित नहीं: शरद पवार

मुंबई। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के भाजपा मंत्री गिरीश महाजन की कड़ी आलोचना की है। महाजन ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी की थी। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना जवाहरलाल नेहरू से करने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि ऐसा करना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

अमरनाथ यात्रियों को राहत मिलेगी वन-स्टॉप सुविधा

जम्मू। अमरनाथ यात्रा के लिए तवी रिवर फ्रंट पर नया यात्री पंजीकरण केंद्र बनाया जा रहा है, जहां ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और आरएफआईडी पहचान सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद श्रद्धालु भगवती नगर यात्री निवास से अपने जत्थों के साथ यात्रा के लिए रवाना होंगे।

भारतराजा को सीएम विजय ने दी श्रद्धांजलि

चेन्नई। बुधवार सुबह तमिल सिनेमा के दिग्गज निर्देशक भारतीराजा का निधन हुआ। सीएम विजय ने निर्देशक भारतीराजा को श्रद्धांजलि दी, उनके अंतिम दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीराजा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

पीएम बाल पुरस्कार 2026 के लिए मांगे नामांकन

नई दिल्ली। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इस पुरस्कार के लिए आवेदन 1 अप्रैल 2026 से आरंभ हुए थे और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। सभी प्रविष्टियां पोर्टल पर जमा कराई जा सकती हैं।

सोनिया गांधी ने फोन करके ममता बनर्जी को दिया बड़ा ऑफर

कांग्रेस में करें टीएमसी का विलय, देंगे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पद, ऋतब्रत बोले- ऐसा नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को खत्म करने की कगार पर पहुंचा दिया है। ममता बनर्जी के 80 विधायकों में से 58 विधायकों ने अपना अलग गुट तैयार कर लिया और उसके बाद दिल्ली में भी करीब 20 सांसद टीएमसी से अलग हो गए। इस बीच कांग्रेस की सुप्रीम लीडर सोनिया गांधी ने टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ा ऑफर दिया है। सोनिया गांधी ने ममता बनर्जी को टीएमसी के कांग्रेस में विलय का ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता से कहा है कि वो टीएमसी का विलय कर दें, इसके बदले में उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके अलावा उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी को भी पार्टी महासचिव का पद दिया जाएगा। हालांकि, दोनों पक्षों ने इस मुलाकात के एजेंडे या चर्चा के विषयों का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया है। वहीं, संभावित विलय को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी ने ऐसी किसी संभावना से इनकार किया है। उनका कहना है कि पार्टी के विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि कांग्रेस में जाने के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए विलय की अटकलों का कोई आधार नहीं है।

अभिषेक बनर्जी को महासचिव बनाया जाएगा

बागी गुट बोला- कांग्रेस में जाने को तैयार नहीं

इंडिया ब्लॉक की बैठक में सोनिया गांधी और ममता बेनर्जी

ममता ने मांगा समय

सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता बनर्जी को प्रस्ताव दिया है कि टीएमसी पर भाजपा के राजनीतिक हमलों को देखते हुए उन्हें अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए, वरना भाजपा उन्हें भी आम आदमी पार्टी की तरह परेशान करेगी। सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी ने खुद उन्हें फोन किया था। सूत्रों ने बताया कि ममता बेनर्जी ने इस पर फ़ैसला करने के लिए कुछ दिन का समय मांगा है।

न तो सांसद जा रहे हैं और न ही विधायक

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता और तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने टीएमसी और

कांग्रेस के संभावित विलय की चर्चाओं को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि न तो टीएमसी की विधायक दल कांग्रेस में शामिल हो रही है और न ही पार्टी के सांसदों, नगर निकायों या पंचायतों के प्रतिनिधियों के बीच ऐसा कोई रुझान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विधायकों की संख्या 64 है और यह बढ़ने की उम्मीद है। ये लोग आएंगे और विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र सौंपेंगे। संसद में जो सांसद हैं, उनमें से दो-तिहाई से अधिक भी कांग्रेस में विलय नहीं हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कौन किसके साथ विलय कर रहा है?

राहुल-अभिषेक के बीच मुलाकात

इसी बीच बुधवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। 10 जनपथ पर हुई ये मुलाकात करीब डेढ़ घंटे तक चली। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात फायदेमंद रही है। इसमें

आज कांग्रेस ने बुलाई बड़ी बैठक

सोनिया गांधी के ममता बनर्जी को दिए गए ऑफर के बीच कांग्रेस ने बड़ी बैठक बुलाई है। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 11 जून को इंदिरा भवन में एआईसीसी महासचिव, प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की बैठक होगी। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे।

सीएम सुवेंदु ने किया विभागों का बंटवारा

दिलीप को ग्रामीण विकास, निशीथ को जलसंसाधन का जिम्मा

पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को मंत्रियों के विभागों का औपचारिक बंटवारा करते हुए नई अधिसूचना जारी की। निशीथ प्रामाणिक को उत्तर बंगाल विकास और जल संसाधन जांच एवं विकास विभाग, अशोक किरतानिया को खाद्य एवं आपूर्ति तथा सहकारिता विभाग, दिलीप घोष को पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विपणन विभाग दिया गया है। वहीं खुदीराम टुडू को आदिवासी विकास, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

सीएम के पास रहेगा गृह

सीएम अधिकारी को गृह एवं पर्वतीय मामले, भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास, बिजली, सूचना एवं संस्कृति तथा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिन विभागों का आवंटन अन्य मंत्रियों को नहीं किया गया है, वे भी सीएम के पास रहेंगे। 1 जून को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कुल 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी।

अमेरिका ने चतुराई से नाकाम की कोशिश

वैश्विक मंच पर चीन-पाकिस्तान की किरकिरी, पलट दिया पासा

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र संघ के गलियारों से एक ऐसी खबर आई है जिसने आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक कूटनीति के दोहरे मानदंडों को एक बार फिर उजागर कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान और चीन की एक साझा और बेहद महत्वाकांक्षी कोशिश को अमेरिका ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। दोनों देशों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके आत्मघाती विंग मजीद ब्रिगेड को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर अमेरिका ने फ्रांस और ब्रिटेन के साथ मिलकर वीटो लगा दिया। पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर पिछले साल सितंबर में सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति के तहत इन संगठनों की ब्लैकलिस्टिंग की मांग की थी।

बड़ी कूटनीतिक जीत हुई

दिलचस्प बात यह है कि खुद अमेरिका ने 2019 में ही बीएलए और बाद में मजीद ब्रिगेड को अपनी घरेलू फारेन टेररिस्ट आर्गेनाइजेशन सूची में शामिल किया था। हाल के वर्षों में कराची एयरपोर्ट, ग्वादर पोर्ट और जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाइजैकिंग जैसे बड़े हमलों में इस संगठन का हाथ रहा है। इसके बावजूद, वैश्विक मंच पर चीन और पाकिस्तान के इस साझा प्रस्ताव को अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों द्वारा रोका जाना एक बड़ा कूटनीतिक संदेश है।

पाक बोला- यह अफगान जमीं पर है

सुरक्षा परिषद में वर्तमान गैर-स्थायी सदस्य पाकिस्तान के प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने दलील दी थी कि ये संगठन अफगानिस्तान की सरजमीं से सक्रिय है। यह वही चीन है जिसने अतीत में भारत और अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकियों को वैश्विक ब्लैकलिस्ट में डालने के प्रस्तावों पर कई बार होल्ड लगाया था। वैश्विक कूटनीति के शतरंज पर शह और मात का खेल सुरक्षा परिषद की यह हलचल दर्शाती है कि आतंकवाद के खिलाफ जंग सिर्फ सरहदों पर नहीं, बल्कि बंद कमरों की कूटनीति में भी लड़ी जाती है।

जज के परिवार पर हमले का मामला

शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी- कोई भी जज फैसला नहीं सुना पाएगा

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने जजों और उनके परिवारों को मिल रही धमकियों और उन पर हो रहे हमलों पर चिंता जाहिर की है। यह चिंता खासकर बॉम्बे हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस जीएस पटेल और उनके परिवार को मिल रही धमकियों की खबरों के बाद जताई गई है। जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने कहा कि ऐसी घटनाएं न्याय व्यवस्था पर चोट करती हैं और जजों को निडर होकर अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोक सकती हैं। बेंच ने कहा कि अगर जजों को अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए इस तरह डराया-धमकाया जाता है, तो न्याय व्यवस्था पर इसके गंभीर परिणाम होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि बॉम्बे हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज को तरह-तरह की धमकियां मिल रही हैं।

यूएस-यूके समेत कई देशों को पसंद आया भारतीय आम, जापान-नेपाल को नहीं

50 से अधिक देशों में भारतीय आम की मांग

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

जापान के बाद अब पड़ोसी देश नेपाल ने भी भारत से आने वाले आम और कई अन्य फलों के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल की बालेन शाह सरकार ने यह कड़ा कदम तब उठाया, जब सीमा पर तैनात संगरोध (क्वारंटाइन) निरीक्षकों ने भारतीय फलों की खेप में खतरनाक रासायनिक कीटनाशकों की मात्रा तय सीमा से काफी अधिक पाई। नेपाल के कृषि और पशुधन विकास मंत्रालय द्वारा लगाया गया यह प्रतिबंध कथित तौर पर अप्रैल-मई से ही लागू है।

नीट प्रबंधन पर संसदीय समिति ने की बैठक

एनटीए डीजी, उच्च शिक्षा सचिव और एनएमसी अधिकारियों से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

नीट परीक्षा के संचालन और उससे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संसद की निगरानी लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें नीट परीक्षाओं के संचालन पर चर्चा की गई। समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ सांसद राम गोपाल यादव ने की। बैठक का विषय 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम, 2019 के तहत नीट परीक्षाओं का संचालन' था। यह चर्चा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन नियामक संस्थाओं की संरचना, जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली की समीक्षा के तहत की गई।

अधिकारियों ने दिया प्रजेंटेशन

रामगोपाल यादव

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी, एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह तथा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति के समक्ष अपना पक्ष रखा। समिति ने नीट परीक्षा के संचालन, परीक्षा प्रबंधन और नियामक संस्थाओं की कार्यप्रणाली से जुड़े पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की।

गड़बड़ियां रोकने पर की चर्चा

समिति ने नीट परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही गड़बड़ियों व पेपर लीक के मुद्दों को रोकने के उपायों पर जानकारी ली नीट परीक्षा को फुलप्रूफ बनाने को लेकर पूर्व में दी गई समितियों के सुझावों को भी परखा।

विकसित भारत के लिए समावेश मानव विकास की रहेगी थीम

पीएम आज करेंगे नीति आयोग की 11वीं बैठक की अध्यक्षता

रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता पर होगी गहन चर्चा

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास थीम पर होगी। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम, केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल और प्रशासक, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर केंद्रीय मंत्री, साथ ही नीति आयोग के उपाध्यक्ष शामिल होंगे।

स्वास्थ्य और पोषण पर भी देंगे ध्यान

बैठक में नौकरियों, कौशल और विकास के नतीजों पर खास ध्यान दिया जाएगा। उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्किलिंग की कोशिशों को मजबूत करने और पूरे देश में टिकाऊ रोजगार के मौके पैदा करने के उपायों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। साथ ही बुनियादी मानव पूंजी और भविष्य के लिए जरूरी कौशल। उत्पादक रोजगार और उद्यमिता। स्वास्थ्य और पोषण। सभी के लिए समानता और सम्मान पर भी चर्चा होगी।

राज्य की योजनाओं पर भी होगा जोर

इस चर्चा में राज्य-स्तर की विकास योजनाओं को समावेशी मानव विकास के व्यापक राष्ट्रीय विजन के साथ जोड़ने पर भी ध्यान दिया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल से यह भी उम्मीद है कि वह 26 से 28 दिसंबर, 2025 तक आयोजित मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन से निकली सिफारिशों की समीक्षा करेगी।

एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर कसा तंज

देश को लाचारगी, बेचारगी और हीन भावना के गर्त में गिराया था

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

एनडीए नेताओं की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए के 12 वर्षों की एक बड़ी सफलता ये भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने देश को लाचारगी, बेचारगी और हीन भावना के गर्त में गिरा दिया था। देश को यही एहसास कराया जाता था कि भारत में विकास धीरे-धीरे ही होता है, भारत में तेज विकास संभव ही नहीं है और बड़ी ही चतुराई से धीमी विकास को एक नाम दिया था, 'हिंदू ग्रोथ रेट' यानी कार्यशैली कांग्रेस की, दायित्व कांग्रेस का, विफलता कांग्रेस की लेकिन कलंक देश की बड़ी हिंदू आबादी के नाम लगाया गया जबकि असल में इस कुसंस्कृति का नाम होना चाहिए था कांग्रेस ग्रोथ रेट।

आज के भारत के संकल्प और लक्ष्य बड़े

पीएम ने कहा कि कल के विकसित भारत की गारंटी है, आज का आकांक्षी भारत। आकांक्षी भारत के गर्भ में विकसित भारत पल रहा है। आज के भारत की आकांक्षाएं बड़ी हैं, सपने बड़े हैं इसलिए उसके संकल्प और लक्ष्य भी बड़े हैं।

12 वर्षों में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ

आकांक्षी भारत के गर्भ में विकसित भारत पल रहा

एनडीए के सम्मेलन में सहयोगी दलों का अभिवादन करते पीएम मोदी

भारत की विकास दर 7.8%

पीएम ने कहा कि आज दुनिया के बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था संघर्ष कर रही है तब भी 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की ग्रोथ रेट हासिल की है और पिछला क्वाटर तो, जो 31 मार्च को खत्म हुआ है, उसमें भी भारत की ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रही है। हम आज दुनिया की तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन चुके हैं।'

लोगों ने अपना भरोसा हमें सौंपा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि साल 2014 में जब एनडीए की जीत हुई थी तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवी में एक नई आशा का उदय हुआ है। इस आशा का, इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का बहुत बड़ा दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपने भरोसा हमें सौंपा था। मुझे आज संतोष है, गर्व है कि एनडीए परिवार के तौर पर हमने देश के विश्वास को हमेशा और मजबूत किया है।

चिंतन

कांग्रेस सावधान रहती तो नहीं होती फजीहत

मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होना कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका तो है ही, लेकिन एक अहम सबक भी है जो उन्हें इस गलती से लेना चाहिए। कांग्रेस ने चुनाव आयोग के सामने मीनाक्षी नटराजन से जुड़े तेलंगाना के मामले में व्यापक तथ्य रखे, साथ ही दावा किया कि इस स्तर पर मुकदमे को शपथ पत्र में देना जरूरी नहीं होता। हो सकता है कांग्रेस सच बोल रही हो, लेकिन तथ्य यह भी हो सकता है कि मीनक्षी ने जानबूझकर इसे छुपाया है। मध्यप्रदेश के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने नामांकन रद्द करने का फैसला इसी आधार पर लिया है। एमपी में कांग्रेस खासकर राहुल गांधी के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। चूंकि यहां कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को नजरअंदाज कर मीनाक्षी को उतारा गया था। कहा जा रहा है कि पार्टी के भीतर से ही कुछ लोगों ने शपथ पत्र में कथित कमी की जानकारी भाजपा तक पहुंचाई। यदि इसमें जरा भी सच्चाई है, तो यह कांग्रेस के लिए सबसे गंभीर चेतावनी है। किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठनात्मक अनुशासन और आपसी विश्वास होता है। जब अंदरखाने असंतोष और अविश्वास बढ़ने लगे, तो विपक्ष को हमला करने का अवसर मिल जाता है। इसके बाद भाजपा ने सवाल उठाए और नामांकन रद्द कर दिया गया। आरओ ने कांग्रेस को इस आपत्ति पर जवाब देने के लिए समय भी दिया है। बहरहाल, जब मामला प्रतिष्ठा से जुड़ा हो तो पार्टियों को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। कांग्रेस के पास तो बहुत बड़ी लीगल टीम है। जो अब चुनाव आयोग के सामने तर्क दे रही है, लेकिन यह टीम नामांकन से पहले ही सभी तथ्यों की सभी तरीके से पड़ताल कर लेती तो अब दिक्कत नहीं होती। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कांग्रेस के भीतर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के विधायक लगातार क्रॉस वोटिंग करते दिखाई देते हैं। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को यही डर सता रहा है। कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपने घर को ठीक करना चाहिए। अपनी कमजोरी पर पार पाए बिना वह भाजपा जैसी चतुर राजनीतिक टीम के सामने टिक पाएगी, यह कहना मुश्किल है। हालांकि मामला अभी चुनाव आयोग में लंबित है, लेकिन फैसला जो भी हो कांग्रेस सावधानी बरतती तो उसकी इस तरह से फजीहत नहीं होती। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि तेलंगाना से जुड़े जिस मामले को लेकर विवाद खड़ा हुआ, वह अभी प्रारंभिक अवस्था में था और उसे शपथ पत्र में दर्ज करना कानूनी रूप से आवश्यक नहीं था। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कानूनी विशेषज्ञों ने चुनाव आयोग के सामने यही तर्क रखा है। चुनावी राजनीति में कई बार तकनीकी त्रुटियां भी बड़े राजनीतिक संकट में बदल जाती हैं और विपक्ष इन्हें तुरंत मुद्दा बना लेता है। भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी तैयारी और आक्रामक रणनीति मानी जाती है। वह विपक्ष की छोटी से छोटी कमजोरी को भी बड़ा मुद्दा बनाने में देर नहीं करती। कांग्रेस यदि अब भी केवल भाजपा पर आरोप लगाने तक सीमित रहती है, तो यह उसकी रणनीतिक कमजोरी को ही दर्शाएगा। अंततः इस पूरे प्रकरण से कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि राजनीति में लापरवाही की कोई जगह नहीं होती। चुनावी दस्तावेजों की एक छोटी कमी भी बड़े संकट में बदल सकती है। यदि कांग्रेस नामांकन से पहले पूरी कानूनी और तथ्यात्मक सावधानी बरतती, तो आज उसकी इस तरह सार्वजनिक फजीहत नहीं होती।

केंद्र के 12 वर्ष
विष्णु देव साय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा के 12 वर्ष पूरे होना उस परिवर्तनकारी कालखंड का प्रतीक है, जिसने देश की दशा और दिशा को बदला है। वर्ष 2014 में देश ने एक ऐसे नेतृत्व पर विश्वास जताया, जिसने शासन को सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का संकल्प माना। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि इन 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे शासन की कार्यसंस्कृति बनाया।

विकसित भारत की यात्रा का स्वर्णिम काल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा के 12 वर्ष पूरे होना उस परिवर्तनकारी कालखंड का प्रतीक है, जिसने देश की दशा और दिशा को बदला है। वर्ष 2014 में देश ने एक ऐसे नेतृत्व पर विश्वास जताया, जिसने शासन को सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का संकल्प माना। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि इन 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे शासन की कार्यसंस्कृति बनाया।

जन-धन योजना ने गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा, आधार और मोबाइल की जैम ट्रिनिटी ने सरकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाया और डीबीटी ने लाभ सीधे हितग्राहियों के खाते तक पहुंचाया। इससे भ्रष्टाचार और बिचौलिया व्यवस्था पर प्रभावी रोक लगी। शासन पहली बार सचमुच अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचा। गरीब कल्याण इस दौर की सबसे बड़ी पहचान रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर दिया। उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई। आयुष्मान भारत ने गरीब परिवारों को महंगे इलाज की चिंता से राहत दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने अन्नदाताओं को सीधी आर्थिक सहायता दी। ये योजनाएं केवल सरकारी घोषणाएं नहीं रहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का आधार बनीं। इन 12 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने भी नई शक्ति प्राप्त की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को केवल उपभोक्ता बाजार नहीं रहने दिया, बल्कि उत्पादन, नवाचार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा दी। मोबाइल निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर, फार्मा और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। डिजिटल इंडिया ने भारत की शासन व्यवस्था और नागरिक जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को आम आदमी के जीवन का हिस्सा बना दिया है। गांवों तक इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं की पहुंच ने शासन को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया है। कोविड काल में कोविन प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीकाकरण का सफल संचालन भारत की डिजिटल क्षमता का बड़ा उदाहरण रहा। आज भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी दुनिया के लिए मॉडल बन चुका है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी पिछले 12 वर्ष ऐतिहासिक रहे हैं। आधुनिक राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत ट्रेनें, नए एयरपोर्ट, मेट्रो नेटवर्क, अमृत भारत स्टेशन और बेहतर लॉजिस्टिक्स ने देश की गति बढ़ाई है। सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी ने भारत के उन क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है, जो लंबे समय तक उपेक्षित रहे थे। यही कनेक्टिविटी विकसित भारत की मजबूत रीढ़ बन रही है। छत्तीसगढ़ में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में हमें

मोदी जी की गारंटी पर जनादेश मिला। महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राही महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देकर महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। पहली ही कैबिनेट में हमारी सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को मंजूरी देकर हमने अंत्योदय के मंत्र को चरितार्थ किया है। प्रदेश में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी हो रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई इस कालखंड की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। वर्षों तक देश के अनेक आदिवासी और वनांचल क्षेत्र नक्सली हिंसा, भय और पिछड़ेपन के चक्र में फंसे रहे। प्रधानमंत्री के साहसिक नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सफल रणनीति के अनुसार डबल इंजन की सरकार में नक्सलवाद की जड़ों पर निर्णायक प्रहार हुआ। 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करने का संकल्प सरकार ने पूरा किया। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट रही है, राष्ट्रहित सर्वोपरि और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस। उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिन्दूर ने दुनिया को यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करता। सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक नीति ने देशवासियों के मन में नया विश्वास पैदा किया है। जनजातीय समाज के सम्मान और विकास को भी इन 12 वर्षों में राष्ट्रीय प्राथमिकता मिली है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता के सम्मान का ऐतिहासिक कदम है। छत्तीसगढ़ जैसे जनजातीय बहुल राज्य में इन योजनाओं का प्रभाव विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश की बड़ी आबादी जनजातीय समाज से आती है। दूरस्थ अंचलों में रहने वाले परिवारों तक पहली बार योजनाएं व्यवस्थित रूप से पहुंच रही हैं। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में वनोपज, पर्यटन, कौशल विकास और स्थानीय उद्यमिता के माध्यम से आजीविका के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। यह विकास केवल सड़क और भवन का विकास नहीं है, बल्कि आत्मसम्मान, भागीदारी और भरोसे का विकास है। महिला सशक्तिकरण भी मोदी सरकार के 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धि रही है। उज्ज्वला, जन-धन, स्वच्छ भारत, जल जीवन मिशन और मातृशक्ति से जुड़ी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सरल बनाया। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के जरिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा देने का प्रयास हुआ। जब महिला सशक्त होती है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों मजबूत होते हैं। अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास और केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण परियोजना जैसे कार्यों ने विकास भी, विरासत भी की अवधारणा को साकार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन और संकल्प के वर्ष रहे हैं। इन वर्षों ने यह सिद्ध किया है कि मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और जनभागीदारी से देश की दिशा बदली जा सकती है। गरीबी से मुक्ति, नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार, जनजातीय विकास, डिजिटल क्रांति, आधुनिक अवसंरचना और सांस्कृतिक आत्मविश्वास सबने मिलकर विकसित भारत की मजबूत नींव रखी है। आज भारत केवल आगे नहीं बढ़ रहा, बल्कि आत्मविश्वास के साथ दुनिया को दिशा भी दे रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा।

(लेखक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सारा संसार

अरब सागर के पानी से घिरा हुआ 'कोलाबा किला या अलीबाग फोर्ट' अलीबाग का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल और महाराष्ट्र का प्रमुख किला है। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध किले में शामिल कोलाबा फोर्ट एक 300 साल पुराना किला है, जो कभी शिवाजी महाराज के शासन के दौरान मुख्य नौसेना स्टेशन था। इस वजह से किले को राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक के रूप में भी घोषित किया गया है।

राष्ट्र सेवा
कैप्टन अभिमन्यु

नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों का कालखंड भारतीय इतिहास में विकास, सुशासन, राष्ट्रीय गौरव और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करने वाला स्वर्णिम अध्याय बन गया है। वर्ष 2014 में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ प्रारंभ हुई यह यात्रा आज विकसित भारत के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इन 12 वर्षों में भारत ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, जिन्होंने देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्व पटल पर प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर राष्ट्रीय एकता को नई मजबूती प्रदान की गई। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ, जिसने देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को नई ऊर्जा दी। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीकी क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया। आज यूपीआई, डिजिटल भुगतान और ई-गवर्नेंस के माध्यम से भारत दुनिया के अग्रणी डिजिटल देशों में शामिल हो चुका है। जन धन योजना, आधार और मोबाइल के त्रिशक्ति मॉडल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय समावेशन से जोड़ा। गरीब, किसान, महिला और युवा कल्याण को केंद्र में रखते हुए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के घर मिले, उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। स्वच्छ भारत मिशन ने जन आंदोलन का रूप लेकर देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई। जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया गया। वहीं, हर घर बिजली, हर घर शौचालय और हर घर बैंक खाता जैसे संकल्प धरातल पर साकार हुए। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को उत्पादन, नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना और पीएम विश्वकर्मा जैसी पहलों ने उद्यमिता को नई पहचान दी। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाते हुए भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन को अभूतपूर्व गति दी। विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत ने नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका तथा "वसुधैव कुटुम्बकम् " के संदेश ने विश्व समुदाय में भारत की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। यह यात्रा केवल सरकार के कार्यकाल की कहानी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों, विश्वास और सामूहिक प्रयासों की गाथा है। 4399 दिनों की यह उपलब्धि राष्ट्र प्रथम की भावना, सेवा, सुशासन और समर्पण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास, सुरक्षा, विकास और विश्वगौरव के नए युग में प्रवेश कर चुका है। संकल्प से सिद्धि तक, सेवा से समृद्धि तक- यही है नए भारत की पहचान।

(लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं

संकलित
दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम्‌ की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जिएं

संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

अंतर्मन

आज की पाती

मादक पदार्थों का बढ़ता प्रकोप

आए दिन हम सोशल मीडिया के माध्यम से सुनते है कि आज का युवा, जो कल देश का भविष्य है, वह धीरे-धीरे नशे की चपेट में आ गया है, जहां वह इन मादक पदार्थों का सेवन करके अपने मां-बाप, भाई-बहन की परवाह न करके आत्महत्या तक कर लेता है। हमारा देश एक युवा देश है जहां प्रतिभा से भरपूर युवा अपने सपने को साकार करने की सोच रखता है। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में युवा गाजा, चिट्टा जैसी मादक वस्तुओं का सेवन करके अपने जीवन को दाव पर लगा रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन भी कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। यदि हमें आज के युवा को नशे के प्रकोप से बचाना है तो लोगों की सोच को बदलना होगा और प्रशासन को भी इस पर कड़ी नजर रखनी होगी।

- ललित कुमार, रेवाड़ी

करंट अफेयर

इबोला प्रभावित देशों से आने वालों पर पाबंदी लगाए यूरोप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन यूरोपीय देशों को अफ्रीका के इबोला प्रभावित देशों से यूरोप में आने वाले लोगों के लिए यात्रा पाबंदियां बढ़ाने की सलाह दे रहा हैं। ट्रंप प्रशासन ने यह संकेत भी दिया है कि ऐसा न करने पर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट समेत अन्य मौकों के लिए यूरोप से लोगों की यात्रा को लेकर अमेरिका के नियमों में सख्ती बरती जा सकती है। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मंगलवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को फोन करके अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और कांगो तथा युगांडा में इबोला फैलने पर अमेरिका और यूरोप के तालमेल एवं जवाबी प्रयासों पर चर्चा की। इसमें कहा गया, 'विदेश विभाग की सबसे बड़ी प्राथमिकता और ध्यान अमेरिकी लोगों की सेहत की रक्षा करना और इबोला का प्रकोप हमारे नजदीक तक पहुंचने से रोकने पर है।' विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका ने इस संक्रमण को फैलने से निपटने के लिए कदम बढ़ाया है और अब दुनिया को भी और कदम उठाने होंगे।' अधिकारी ने रूबियो और वॉन डेर लेयेन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बारे में नाम जाहिर नहीं होने की की शर्त पर जानकारी दी।

ऑफ बीट

होता कुछ है, हम भ्रम में देखते कुछ हैं

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है - छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

ट्रेंड

नए मानक स्थापित

पीएम नरेंद्र मोदी का नेतृत्व संकल्प से सिद्धि और सेवा से सुशासन तक की यात्रा का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए मानक स्थापित किए हैं।
-**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

भारत भाग्य विधाता

अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' उन बहादुर डॉक्टरों, नर्सों और हेल्थकेयर वर्कर्स के साहस, सेवा-भाव और कर्तव्य के प्रति समर्पण को दिखाती है, जिन्होंने 26/11 के आतंकी हमलों के दौरान मानवता की सेवा में खुद को समर्पित कर दिया था।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

फर्टिलाइज़र विरासत

असम की फर्टिलाइज़र (खाद) विरासत को आगे बढ़ाने से लेकर उसके भविष्य को आकार देने तक, नामरूप एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। 10,601 करोड़ का नामरूप अमोनिया-यूरिया फर्टिलाइज़र कॉम्प्लेक्स खेती की उत्पादकता बढ़ाएगा।
- **हिमंत बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

विकास की गति



आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ बहुत ही सार्थक बैठकें कीं। इन बैठकों का मकसद प्रधानमंत्री मोदी के विज़न के अनुरूप पश्चिम बंगाल के विकास की गति को तेज़ करना और राज्य की जनता तक प्रतीक्षित लाभ सीधे पहुंचाना था।
- **सुवेंदु अधिकारी**, सीएम, पश्चिम बंगाल

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

90 मिनट का रोमांच, सदियों का इतिहास, दिग्गजों ने फीफा को बनाया खास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप सिर्फ 90 मिनट के खेल और ट्रॉफी जीतने की कहानी नहीं है, यह उन खिलाड़ियों के नाम भी दर्ज करता है, जिन्होंने मैदान पर ऐसे रिकॉर्ड बनाए, जिन्हें तोड़ना आसान नहीं होगा। किसी ने तीन बार विश्व कप की ट्रॉफी उठाकर इतिहास रच दिया, तो किसी ने पांच अलग-अलग संस्करणों में गोल दागकर अपनी छाप छोड़ी। ब्राजील के पेले से लेकर अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो तक, इन दिग्गजों ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जो उन्हें हमेशा के लिए खास बनाती हैं।

पेले से मेसी-रोनाल्डो तक खास क्लब में शामिल खिलाड़ी

पेले : 3 बार विश्व कप जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी

ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के नाम फीफा वर्ल्ड कप जीतने का ऐसा रिकॉर्ड दर्ज है, जिसकी बराबरी अब तक कोई खिलाड़ी नहीं कर पाया है। पेले ने 1958, 1962 और 1970 में ब्राजील के साथ विश्व कप का खिताब जीता था। सिर्फ 17 साल की उम्र में 1958 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने वाले पेले ने अपने करियर में फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अलग ही छाप छोड़ी।

लियोनल मेसी: गोल्डन बॉल का अनोखा रिकॉर्ड

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी फीफा वर्ल्ड कप में दो बार गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। लियोनल मेसी ने पहली बार 2014 विश्व कप में यह सम्मान हासिल किया था। इसके बाद 2022 में अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाने के दौरान भी उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

रोनाल्डो : 5 वर्ल्ड कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी

पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप में ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो किसी और खिलाड़ी के नाम नहीं है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो पांच अलग-अलग विश्व कप संस्करणों में गोल करने वाले पहले और अब तक के इकलौते खिलाड़ी हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 विश्व कप में गोल किए थे।

दो पीढ़ियां : पिता के बाद अब बेटा विश्व कप में

नॉर्वे के एर्लिंग ब्रॉट हालैंड फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके साथ ही वह अपने पिता अल्फ-इंगे हालैंड की तरह विश्व कप खेलने वाले परिवार की दूसरी पीढ़ी बन जाएंगे। अल्फ-इंगे हालैंड ने 1994 फीफा वर्ल्ड कप में नॉर्वे का प्रतिनिधित्व किया था।

गिलबर्टो मोरा और क्रेग गॉर्डन: सबसे युवा और सबसे उम्रदराज

विश्व कप में उम्र भी कई बार रिकॉर्ड की कहानी लिखती है। मैक्सिको के गिलबर्टो मोरा फीफा वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह 17 साल 240 दिन की उम्र में विश्व कप खेलेंगे। वहीं स्कॉटलैंड के क्रेग गॉर्डन 43 साल 162 दिन की उम्र में विश्व कप खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों में शामिल होंगे।

लास्जलो किस: सबसे तेज हैट्रिक गोल

फीफा वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे तेज हैट्रिक का रिकॉर्ड हंगरी के लास्जलो किस के नाम है। लास्जलो किस ने 1982 विश्व कप में एल सल्वाडोर के खिलाफ सिर्फ सात मिनट के अंदर तीन गोल दागे थे। किस ने 69वें से 76वें मिनट के बीच यह उपलब्धि हासिल की थी।

चोट से उबरकर ट्रेनिंग पर लौटे मैनुअल नूएर

बर्लिन। जर्मनी की फुटबॉल टीम को फीफा वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले बड़ी राहत मिली है। टीम के अनुभवी गोलकीपर मैनुअल नूएर चोट से उबरकर पूरी ट्रेनिंग में लौट आए हैं। जर्मनी अपना पहला मैच 14 जून को ह्यूस्टन में कुराकाओ के खिलाफ खेलेगा और नूएर इस मुकाबले में मैदान पर उतर सकते हैं। नॉर्थ कैरोलिना में जर्मनी के बेस कैंप में आयोजित एक सार्वजनिक ट्रेनिंग सत्र के दौरान करीब 3,000 प्रशंसकों ने नूएर का जोरदार स्वागत किया। लंबे समय बाद उन्हें पूरी ट्रेनिंग करते देखकर फैंस काफी उत्साहित नजर आए। जर्मनी के मुख्य कोच जूलियन नेगल्समैन ने भी संकेत दिए हैं कि नूएर पहले ग्रुप मैच में खेलने के लिए तैयार हैं।

अर्जेन्टीना ने आइसलैंड को 3-0 से हराया

ऑबर्न। लियोनल मेस्सी अपने छठे विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनके पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत गत चैंपियन अर्जेन्टीना ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले अपने अंतिम तैयारी मैच में आइसलैंड को 3-0 से हराया। मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद अर्जेन्टीना के कप्तान मेस्सी इस मुकाबले के दौरान 20 मिनट तक मैदान पर रहे। अपने 39वें जन्मदिन और छठे विश्व कप से कुछ दिन पहले मेस्सी ने मुकाबले की शुरुआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की। मेस्सी 70वें मिनट में मैदान पर उतरे और लोटारो मार्टिनेज के खिलाफ फाउल के लिए मिली पेनल्टी को 72वें मिनट में गोल में बदला। मेस्सी 117 गोल के साथ अर्जेन्टीना की ओर से सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं।

राइट-बैक पर खेलने को तैयार इबानेज

ब्राजील। ब्राजील फुटबॉल टीम के डिफेंडर रोजर इबानेज ने कहा है कि अगर टीम प्रबंधन उन्हें मौका देता है तो वह आगामी फीफा वर्ल्ड कप 2026 में राइट-बैक की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आमतौर पर सेंटर-बैक के रूप में खेलने वाले इबानेज का कहना है कि टीम की जरूरत के हिसाब से वह किसी भी पोजीशन पर खेलने के लिए तैयार हैं। ब्राजील की टीम को हाल ही में बड़ा झटका लगा है। युवा खिलाड़ी वेस्ली फ्रैंका चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इसके बाद टीम में राइट-बैक की जगह को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अनुभवी खिलाड़ी डैनिलो इस भूमिका के लिए सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। हालांकि, इबानेज भी इस पोजीशन पर खेल सकते हैं और उन्हें एक अच्छे विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। जब इबानेज से पूछा गया कि वेस्ली की जगह कौन लेगा, तो उन्होंने कहा, मेरी पोजीशन तय करना कोच का काम है। मैं सिर्फ इतना जानता हूं कि जहां भी टीम को मेरी जरूरत होगी, मैं वहां खेलने के लिए तैयार हूं।

खबर संक्षेप

मेरा सफर महिला क्रिकेट की प्रगति को दर्शाता : मिताली

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा कि उनका सफर देश में महिला क्रिकेट की उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है, जिसमें सीमित मौकों से लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनना शामिल है। मिताली ने कहा कि उनका व्यक्तिगत सफर देश में इस खेल के विकास की कहानी भी है। मिताली ने कहा कि अनुकूलन क्षमता, परिस्थितियों की समझ और सीखने की इच्छा ऐसी खूबियां हैं, जो भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगी। मिताली ने कहा, 'कई बार हम बहुत मेहनत करते हैं और महसूस करते हैं कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है लेकिन फिर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिनके लिए हम तैयार नहीं होते। यदि आप अपने आसपास के माहौल और परिस्थितियों को समझते हैं तो उनके अनुसार खुद को ढालने की बेहतर स्थिति में होंगे।

एशियाई खेलों के लिए पाक ने किया टीम का ऐलान

लाहौर। पाकिस्तान ने जापान के

आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों की पुरुषों की टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें अधिकतर खिलाड़ी अनुभवहीन हैं। टीम में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस राऊफ और शादाब खान जैसे सीनियर स्टार खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया है। फरहान पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान की कप्तानी करेंगे। पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले अब्दुल समद को उप कप्तान बनाया गया है। टीम में शामिल अबरार अहमद, उस्मान खान और सईम अयूब ने ही हाल में पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है। टीम के चार सदस्यों आकिफ जावेद, अली रजा, माज सदाकत और साद मसूद ने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण नहीं किया है।

अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे हार्दिक पंड्या

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या खेलने की स्वीकृति मिलने के कुछ घंटे बाद अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए जब उनकी जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। पंड्या बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपनी पीठ की ऐंठन की चोट से उबरने के बाद खेलने की मंजूरी लेने गए थे। यह चोट उन्हें आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए खेलते समय लगी थी। हो सकता है कि यह नई चोट सीओई में आकलन के दौरान पूरे 10 ओवर की गेंदबाजी करने की वजह से लगी हो।

13 से शुरू होगी सीरीज

अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला शनिवार को धर्मशाला में शुरू होगी। इसके बाद लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 17 और 20 जून को दो अन्य मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने कहा, ' उन्हें ठीक होने में तीन हफ्ते लगेंगे इसलिए उनके एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि उनका रिहैबिलिटेशन पूरा नहीं हो पाएगा।' पंड्या आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए कुछ मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन टीम के अंतिम कुछ मैच में खेलने के लिए उतरे थे। इस 32 साल के ऑलराउंडर को यह नई चोट ऐसे समय में लगी है जब अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें अधिक एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

आईसीसी रैंकिंग : गिल ने लगाई छलांग, पंत टॉप-10 से बाहर

यशस्वी को नुकसान, ब्रुक बने नंबर 1, 000 टॉप-10 बल्लेबाजों में भारत को सिर्फ 2 बैटर

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग जारी की, जिसमें भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को फायदा हुआ। गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ हुए टेस्ट मैच में टीम के लिए शतकीय पारी खेली थी और इसके दम पर उन्होंने रैंकिंग में 2 स्थान का छलांग लगाया और 8वें स्थान पर पहुंच गए।

यशस्वी जायसवाल ने अफगानिस्तान के खिलाफ कोई कमाल नहीं दिखाया था और उन्हें ताजा टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में एक अंक का नुकसान हुआ और वो 8वें से 9वें नंबर पर आ गए जबकि इस टीम के खिलाफ 81 रन की पारी खेलने वाले ऋषभ पंत को फायदा हुआ और वो एक स्थान के फायदे के साथ अब 12वें नंबर पर आ गए, लेकिन टॉप-10 से वो बाहर हैं। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में टॉप-10 बल्लेबाजों में भारत को सिर्फ 2 बल्लेबाज मौजूद हैं।

ब्रूक ने रूट को पीछे छोड़ा

आईसीसी की ताजा टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में हैरी ब्रूक ने जो रूट को पीछे छोड़ दिया और वो पहले नंबर पर आ गए जबकि रूट अब तीसरे नंबर पर खिसक गए। ब्रुक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए अहम 56 रन की पारी खेली थी और इसके दम पर ही वो पहले स्थान पर आ गए जबकि पहले नंबर पर मौजूद जो रूट इस मैच में सिर्फ एक और 8 रन की पारी बना पाए थे और इसका उन्हें नुकसान हुआ। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड हाल के समय में टेस्ट क्रिकेट न खेलने के बावजूद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। हालाँकि रूट अपनी टॉप पोजीशन वापस पाने की कोशिश करेंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ अभी भी दो टेस्ट मैच बाकी हैं।

बुमराह पहले नंबर पर कायम

आईसीसी की ताजा टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह पहले नंबर पर बने हुए हैं, जिनके 870 रेटिंग अंक हैं जबकि दूसरे नंबर पर मिचेल स्टार्क हैं जिनके 838 रेटिंग अंक हैं जबकि बुमराह के अलावा टॉप-10 में अन्य कोई भारतीय गेंदबाज नहीं है। कुलदीप यादव इस रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो पहले 15वें स्थान पर थे। इस रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पैट कमिंस हैं, जिनके 832 रेटिंग अंक हैं।

टॉप 5 में ये बल्लेबाज

टॉप पांच बल्लेबाजों की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 831 रेटिंग पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर मजबूती से टिके हुए हैं। उनके ठीक नीचे श्रीलंका के कामिन्दु मेंडिस हैं, जिन्होंने एक पायदान की बढ़त हासिल की है और वे 781 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर आ गए हैं। इसके अलावा, न्यूजीलैंड के दिग्गज केन विलियमसन (780 अंक) को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वे छठे पायदान पर आ गए हैं जबकि साउथ अफ्रीका के टेम्बा बावुमा 775 अंकों के साथ सातवें नंबर पर बरकरार हैं।

44 साल की सेरेना का जलवा

120 मील प्रति घंटा की रफ्तार से की सर्विस

जीत के साथ की शानदार वापसी

एजेंसी ▶▶| लंदन

पेशेवर टेनिस से लगभग चार साल दूर रहने के बाद सेरेना विलियम्स ने क्वीन्स क्लब में जीत के साथ वापसी करते हुए दिखाया कि उनके खेल में अब भी बहुत दम है। क्वीन्स क्लब ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में 44 साल की सेरेना ने कनाडा की 19 साल की खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको के साथ मिलकर अपना पहला युगल मैच जीता। इस दौरान सेरेना ने 120 मील प्रति घंटा की रफ्तार वाली सर्विस की और कुछ शानदार विनर्स लगाए।

2022 के बाद सेरेना का पहला पेशेवर मैच

सेरेना और एमबोको ने निकोल मेलिचर मार्टिनेज और एरिन राउटलिफ की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-6, 6-2 से हराया। यह 2022 अमेरिकी ओपन के बाद सेरेना का पहला पेशेवर मैच था। अब क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला लेयला फर्नांडीज और लॉरा सेगमंड से होगा। अपनी वापसी का जोरदार एहसास कराते हुए सेरेना ने पहले दौरे के मैच का अंत दो ऐस और फिर एक सर्विस विनर के साथ किया। सेरेना कहा, ' यह बहुत मजेदार था। विक्टोरिया के साथ खेलने में मुझे बहुत मजा आया। हमने पहले कभी साथ नहीं खेला था लेकिन उसके साथ खेलना बहुत स्वाभाविक लगा।'

जेमिमा ने कहा- तेंदुलकर सर की सलाह से एकाग्रता में मिली मदद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का कहना है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के एक फोन कॉल ने उन्हें एकाग्रता वापस पाने में मदद की क्योंकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में खेली गई अपनी यादगार पारी के बाद वह काफी भावुक और उत्साहित थीं। उन्होंने कहा कि तेंदुलकर सर की सलाह ने उन्हें एकाग्रता बनाए रखने में मदद की। जेमिमा ने कहा, ' सचिन सर ने मेरे कोच प्रशांत शेट्टी को फोन किया।

उन्होंने उनसे कहा कि वह मुझे बताएं कि वह समझते हैं कि पिछले कुछ दिन मेरे लिए बहुत भारी रहे हैं, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी पारी खेलना, उन्हें हराने की खुशी।'

इंग्लिश काउंटी टीम ने किया सुथार को साइन, वारविकशर के लिए खेलेंगे मैच

एजेंसी ▶▶| लंदन

अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले स्पिनर मानव सुथार इंग्लैंड के क्लब वारविकशर के लिए काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों में खेलेंगे। वारविकशर ने बुधवार को सुथार के साथ अल्पकालिक अनुबंध की घोषणा की। इस अनुबंध के तहत वह रॉथेसे काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे। पहला मैच 12 से 15 जून तक यॉर्कशर के खिलाफ स्कारबोरो में और दूसरा मैच अगले

सप्ताह समरसेट के खिलाफ टॉनटन में खेला जाएगा।

वारविकशर में शामिल होकर बेहद उत्साहित

सुथार ने कहा, मैं काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों के लिए वारविकशर में शामिल होकर बेहद उत्साहित हूं। टीम ने इस सत्र की अच्छी शुरुआत की है। ऐसे में मैं उम्मीद करता हूं कि टीम को खिताब की ओर बढ़ाने में अहम योगदान दे पाऊंगा। वारविकशर के निदेशक जेम्स थॉमस ने कहा, हमें मानव का बेयर्स में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। यह टीम के लिए वास्तव में रोमांचक समय है।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन : मालविका, ईशारानी और तान्या ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

सीधे गेमों में जीतीं सिंधू , तन्वी ने किया उलटफेर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

पीवी सिंधू की अगुआई में महिला खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन किया जबकि तन्वी शर्मा भी उलटफेर करने में सफल रहीं। तीसरी वरीय सिंधू, तन्वी, मालविका बंसोड, ईशारानी बरुआ और तान्या हेमंत सभी ने राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों के लिए हालांकि बुधवार का दिन खराब रहा जब किरण जॉर्ज, थारुन मान्नेपल्ली और क्वालीफायर सनीथ दयानंद पहले दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

सिंधू ने सालाजार को हराया

सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में पेरु की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार को सीधे गेम में सिर्फ 32 मिनट में 21-13, 21-11 से हराया। सिंधू अगले दौर में हमवतन ईशारानी से भिड़ेंगी, जिन्होंने एक घंटा तीन मिनट चले कड़े मुकाबले में चीन की हान कियान को 22-20, 10-21, 21-14 से शिकस्त दी। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर 17 साल की तन्वी ने किया, जिन्होंने पांचवीं वरीय और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की च्यु पिन चियान को 45 मिनट में 21-12, 22-20 से शिकस्त दी। दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी अगले दौर में साथी भारतीय खिलाड़ी मालविका से भिड़ेंगी, जिन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड की तोंरुंग सेहेंग को 15-21, 21-7, 21-13 से हराया।

तान्या ने इशिका को 39 मिनट में हराया

तान्या ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 39 मिनट में 21-17, 21-18 से हराया। वह अगले दौर में थाईलैंड की दूसरी वरीय और दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ेंगी। पुरुष एकल में किरण को कड़े मुकाबले में मलेशिया के जस्टिन हो के खिलाफ एक घंटा दो मिनट में 19-21, 21-14, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर दयानंद भी चीन के हू झिआन के खिलाफ सिर्फ 35 मिनट में 8-21, 10-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

भारतीय सेना की बढ़ेगी मारक क्षमता

अत्याधुनिक ऑटोमैटिक मोर्टार वाहनों की खरीद प्रक्रिया शुरू, चीन-पाक सीमा पर होगी तैनाती

कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में सुरक्षा और गतिशीलता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना अपनी मारक क्षमता और युद्ध कौशल को और अधिक तेज, सटीक तथा घातक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। आधुनिक युद्ध तकनीकों को अपनाते हुए सेना ने अब मोर्टार स्पेशलिस्ट व्हीकल खरीदने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

ये अत्याधुनिक वाहन युद्ध के मैदान में मोर्टार फायरिंग को पूरी तरह से ऑटोमेटिक (स्वचालित) बना देंगे, जिससे न केवल गोलाबारी की सटीकता और गति में अभूतपूर्व सुधार होगा, बल्कि अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा

एआई इमेज

सकेगी। वर्तमान समय में भारतीय सेना मुख्य रूप से पारंपरिक मोर्टार प्रणालियों पर निर्भर है। इन मौजूदा प्रणालियों में फायरिंग की सटीकता काफी हद तक क्रू सदस्यों के व्यक्तिगत अनुभव, मैनुअल गणनाओं और भौतिक अनुमानों पर टिकी होती है।

सटीक होगा निशाना

इस पारंपरिक प्रक्रिया में न सिर्फ कीमती समय नष्ट होता है, बल्कि मानवीय चूक की संभावना भी हमेशा बनी रहती है। सेना द्वारा खरीदे जा रहे नए एमएसवी वाहन इस समस्या का पूरी तरह से खात्मा कर देंगे।

वाहन की 5 खास विशेषताएं

- **न्यूनतम क्रू :** इस पूरे आधुनिक वाहन और मोर्टार सिस्टम को संचालित करने के लिए मात्र दो सदस्यों की आवश्यकता होगी
- **त्वरित रिस्पॉन्स:** फॉरवर्ड ऑब्जर्वर से लोकेशन मिलते ही वाहन का फायर-कंट्रोल सिस्टम मोर्टार को सही एंगल पर सेट कर देगा
- **फायरिंग की गति:** वाहन को पूरी तरह फायरिंग के लिए तैयार होने में मात्र 20 सेकंड का समय लगेगा
- **मल्टीपल टारगेटिंग:** एक लक्ष्य को भेदने के बाद दूसरे नए लक्ष्य पर दोबारा निशाना साधने में सिर्फ 5 सेकंड लगेंगे
- **क्षमता:** युद्ध की स्थिति के लिए वाहन अपने साथ लगभग 54 मोर्टार राउंड्स ले जाने में सक्षम होगा

इटली की पीएम मेलोनी ने रोम में हुई मुलाकात को याद करते हुए पीएम मोदी को दी बधाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़कर भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री का दर्जा हासिल किया है। इस मौके पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने बुधवार को पीएम मोदी को बधाई दी।

◀ मेलोनी ने कहा कि पीएम मोदी ने इतिहास रच दिया है



पीएम मोदी की इटली यात्रा के दौरान की तस्वीर

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम पद पर लगातार 4,399 दिन पूरे कर लिए हैं और इस तरह चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर नेहरू के कार्यकाल का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। 2014 में पहली बार पद संभालने के बाद से वे लगातार सेवा कर रहे हैं। इटली की नेता ने प्रधानमंत्री मोदी की हालिया इटली यात्रा को भी याद किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बातचीत की थी और सहयोग के लिए एक नया फ्रेमवर्क शुरू किया था। मेलोनी ने लिखा, नरेंद्र मोदी को बधाई, जो आज भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्होंने आगे कहा, हाल के हफ्तों में रोम में फिर से मिलना और मिलकर एक 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' (विशेष रणनीतिक साझेदारी) शुरू करना खुशी की बात रही है।

मृतकों में 11 बच्चे भी शामिल

अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी मिसाइल हमले में 13 की मौत

एजेंसी ▶▶ काबुल

पाकिस्तान ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए। अफगान तालिबान सरकार के मुताबिक इन हमलों में 13 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग शामिल हैं।

इसके अलावा 14 महिलाएं घायल हुई हैं। तालिबान ने दावा किया है कि हमलों में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त तथा पक्तिका प्रांतों में आम लोगों के घरों पर बमबारी की। उन्होंने सोशल मीडिया पर घायलों की तस्वीरें भी साझा कीं और इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की।

Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Haryana. * Finance at the sole discretion of the financier. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.
FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com
dentsu/hb roh/05/26